

AGRAWAL EXAMCART

Paper Pakka Fasega!

# 2022

## उत्तर प्रदेश पुलिस (UPP)

# कांस्टेबल

**वर्ष 2009 से अब तक**

**सभी पेपर्स के**

**3400+ वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

**व्याख्यात्मक हल सहित**

**अध्यायवार (Chapter-wise) संग्रह**

**सभी विषयों पर**

"विगत वर्षों के ऐसे प्रश्नों का संग्रह जो किसी-न-किसी रूप में आगामी परीक्षा में पूछे ही जाएंगे।"

**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित**

कार्यशाला कर्मचारी, सहायक परिचालक, नागरिक पुलिस, प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी (PAC), जेल वार्डर, फायरमैन एवं घुड़सवार (आरक्षी) परीक्षाओं के विगत वर्षों के वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का अध्यायवार संकलन

**ज्ञान की बात !** इन अध्यायवार प्रश्नों के माध्यम से UP पुलिस कांस्टेबल के हर विषय के हर topic पर अपनी तैयारी का सटीक आंकलन करें।

| Code | Price | Pages |
|---|---|---|
| CB879 | ₹ 319 | 402 |

# विषय-सूची


**Student's Corner** *पृष्ठ संख्या*

- ⊙ **Agrawal Examcart Help Centre** — **vii**
- ⊙ **Best Strategy** परीक्षा की तैयारी करने का सही तरीका! — **viii**
- ⊙ **Best Guide Book!** का चयन स्वयं कैसे करें ? — **ix**
- ⊙ **Current Affairs!** की 100% सटीक तैयारी कैसे करें ? — **xi**

**सामान्य अध्ययन** — **1-110**

1. इतिहास — **1-13**
   - प्राचीन भारत का इतिहास — **1-3**
   - मध्यकालीन भारत का इतिहास — **3-6**
   - आधुनिक भारत का इतिहास — **6-12**
   - विश्व का इतिहास — **12**
   - कला एवं संस्कृति — **12-13**
2. भूगोल — **14-29**
   - भारत का भूगोल — **14-22**
   - विश्व का भूगोल — **22-29**
3. भारतीय संविधान — **30-56**
4. भारतीय अर्थव्यवस्था — **57-64**
5. विज्ञान
   - भौतिक विज्ञान — **65-67**
   - रसायन विज्ञान — **68-70**
   - जीव विज्ञान — **71-77**
   - विज्ञान प्रौद्योगिकी — **78-83**
6. सामान्य ज्ञान विविध — **84-96**
7. उत्तर प्रदेश सामान्य अध्ययन — **97-110**

**तर्कशक्ति** — **1-112**

1. अंग्रेजी वर्णमाला परीक्षण — **1-4**
2. सांकेतिक भाषा परीक्षण — **5-12**
3. सादृयश्ता परीक्षण — **13-24**
4. वर्गीकरण — **25-30**
5. शब्दों, संख्या, अक्षर एवं प्रतीक का क्रम ज्ञात करना — **31-33**
6. रक्त सम्बन्ध — **34-39**

| | | |
|---|---|---|
| 7. | दिशा परीक्षण | 40-47 |
| 8. | श्रेणी परीक्षण | 48-51 |
| 9. | शृंखला परीक्षण | 52-59 |
| 10. | पासा, घन एवं घनाभ | 60-64 |
| 11. | वेन आरेख एवं न्याय संगत | 65-73 |
| 12. | कैलेंडर एवं घड़ी | 74-76 |
| 13. | अंकगणितीय तर्कशक्ति | 77-79 |
| 14. | इनपुट एवं आउटपुट | 80 |
| 15. | अभाषिक तर्कशक्ति | 81-98 |
| 16. | तार्किक तर्कशक्ति | 99-111 |
| 17. | विविध | 112 |
| | **मानसिक अभिरुचि** | **1-14** |
| | **गणित** | **1-96** |
| 1. | संख्या पद्धति | 1-4 |
| 2. | म.स.प. एवं ल.स.प. | 5-8 |
| 3. | वर्ग एवं वर्गमूल | 9 |
| 4. | घातांक एवं करणी | 10-12 |
| 5. | भिन्न एवं दशमलव संख्याएँ | 13-15 |
| 6. | औसत | 16-19 |
| 7. | अनुपात एवं समानुपात | 20-23 |
| 8. | आयु सम्बन्धी प्रश्न | 24-25 |
| 9. | प्रतिशतता | 26-30 |
| 10. | लाभ–हानि एवं बट्टा | 31-37 |
| 11. | साझेदारी | 38-40 |
| 12. | मिश्रण | 41-43 |
| 13. | समय और कार्य | 44-50 |
| 14. | पाइप एवं टंकी | 51-53 |
| 15. | साधारण ब्याज | 54-56 |
| 16. | चक्रवृद्धि ब्याज | 57-59 |
| 17. | समय, चाल एवं दूरी | 60-64 |
| 18. | रेलगाड़ी, बस और कार से सम्बन्धित प्रश्न | 65-68 |
| 19. | नाव एवं धारा से सम्बन्धित प्रश्न | 69-70 |

| | |
|---|---|
| 20. सांख्यिकी | 71-72 |
| 21. समंकों का विश्लेषण | 73-77 |
| 22. समतलीय आकृतियों का क्षेत्रफल | 78-80 |
| 23. पृष्ठीय क्षेत्रफल एवं आयतन | 81-83 |
| 24. बीजगणित | 84-86 |
| 25. ज्यामिति त्रिभुज, चतुर्भुज बहुभुज तथा ज्यामिति | 87-88 |
| 26. समान्तर श्रेणी | 89-90 |
| 27. गुणोत्तर श्रेणी | 91 |
| 28. संख्या श्रेणी | 92-93 |
| 29. विविध प्रायिकता, लघुगुणक एवं रैखिक असमिकाएँ | 94 |
| 30. समुच्चय | 95-96 |
| **हिन्दी** | **1-69** |
| 1. हिंदी भाषा का विकास | 1 |
| 2. वर्ण विचार | 2-3 |
| 3. संधि | 4-5 |
| 4. शब्द विचार | 6-7 |
| 5. हिंदी व्याकरण | 8-12 |
| 6. लिंग | 13-14 |
| 7. वचन | 15-16 |
| 8. कारक | 17-18 |
| 9. काल | 19-20 |
| 10. पर्यायवाची शब्द | 21-23 |
| 11. विलोमार्थी शब्द | 24 |
| 12. श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द | 25 |
| 13. अनेकार्थी शब्द | 26-27 |
| 14. उपसर्ग | 28 |
| 15. प्रत्यय | 29 |
| 16. समास | 30-31 |
| 17. वाक्यः अंग, भेद, रचना, पदबंध एवं विराम चिह्न | 32-33 |
| 18. वाक्यगत अनुशुद्धियाँ | 34-35 |
| 19. वाक्यांश के लिए एक शब्द | 36-37 |
| 20. वाच्य | 38-39 |

| | |
|---|---|
| **21.** रिक्त स्थानों की पूर्ति | **40-42** |
| **22.** मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ | **43-45** |
| **23.** रस, अंलकार एवं छन्द | **46-49** |
| **24.** हिंदी साहित्य का इतिहास | **50-53** |
| **25.** हिंदी साहित्य–कवि, रचनाएँ एवं भाषा शैली | **54-57** |
| **26.** अपठित गद्यांश | **58-68** |
| **27.** विविध | **69** |

अध्याय

1

# इतिहास

## प्राचीन भारत का इतिहास

### सिन्धु घाटी सभ्यता

**1.** पाकिस्तान के लरकाना जिले में सिंधु नदी के तट पर स्थित सिंधु नदी घाटी सभ्यता का एक प्रमुख शहर निम्नलिखित में से कौन सा है?

(A) मोहनजोदड़ो (B) हड़प्पा

(C) लोथल (D) आलमगीरपुर

**[उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) (द्वितीय पाली) 19.12.2020]**

**1.** (A) मोहनजोदड़ो की खुदाई वर्ष 1922 में राखलदास बैनर्जी द्वारा करवाई गयी थी। मोहनजोदड़ो का अर्थ होता है 'मृतकों का टीला'। यह सिंधु नदी के किनारे बसा हुआ है। यह सिन्ध (पाकिस्तान) के लरकाना जिले में मौजूद है।

**2.** हड़प्पा सभ्यता में 'गढ़' जगह किस के लिए जानी जाती थी?

(A) वहाँ उच्चतर वर्ग के तीन लोग बसते थे।

(B) वहाँ पुस्तक रखी जाती थी।

(C) वहाँ पूरे शहर के लिए भोजन तैयार किया जाता था।

(D) वहाँ निचले वर्ग के लोग बसते थे।

**2.** (A) • हड़प्पा सभ्यता में 'गढ़' नामक स्थान पर उच्चतर वर्ग के लोग निवास करते थे। हड़प्पा सभ्यता रावी नदी के बायें तट पर पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मांटगोमरी जिले में विकसित हुई प्राचीन सभ्यता है। इसकी खोज दयाराम साहनी द्वारा 1921 ई. में की गई थी। यहाँ सुरक्षा (किलेबंदी) की व्यापक व्यवस्था की गयी थी। हड़प्पा को 'तोरण द्वार का नगर' तथा सदैव सभ्यता का 'अर्द्ध औद्योगिक नगर' भी कहा जाता है।

**3.** सिंधु सभ्यता में निर्यात किया जाता था?

(A) सूती वस्त्र (B) सोना

(C) मिट्टी के बर्तन (D) काली मिर्च

**3.** (A) • सिंधु सभ्यता विश्व की प्राचीनतम नदी घाटी सभ्यताओं में से एक सभ्यता थी। सूती वस्त्र, हाथी के दाँत की बनी वस्तुयें तथा बहुमूल्य पत्थरों के मनके इत्यादि का निर्यात इस सभ्यता के अन्तर्गत किया जाता था।

### वैदिक सभ्यता

**1.** योग का वर्णन, निम्नलिखित में से किस वेद में किया गया है?

(A) सामवेद (B) अथर्ववेद

(C) ऋग्वेद (D) यजुर्वेद

**[उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) (द्वितीय पाली) 20.12.2020]**

**1.** (C) योग का वर्णन ऋग्वेद में किया गया है। चारों वेदों में क्या वर्णित है। वह इस प्रकार हैं—
ऋग्वेद—देवी देवताओं का वर्णन, ईश्वर स्तुति।
यजुर्वेद—यज्ञ की विधियाँ और यज्ञ के मन्त्र, कर्मकाण्ड।
सामवेद—संगीत।
अथर्ववेद—आयुर्वेद।

**2.** हिन्दू पौराणिक कथाओं के अनुसार, महाकाव्य रामायण में भगवान श्री राम अयोध्या के शासक थे, जो ........... की राजधानी थी।

(A) हस्तिनापुर (B) कुरु

(C) कलिंग (D) कोशल

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा (प्रथम पाली) 27.01.2019]**

**2.** (D) हिन्दू पौराणिक कथाओं के अनुसार महाकाव्य रामायण में भगवान श्रीराम अयोध्या के शासक थे, जो **कौशल** की राजधानी थी।

**3.** वैदिक सभ्यता .................. नदी के तट पर विकसित हुई।

(A) गोदावरी (B) कावेरी

(C) कृष्णा (D) सरस्वती

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा (प्रथम पाली) 27.01.2019]**

**3.** (D) वैदिक सभ्यता सरस्वती नदी के तट पर विकसित हुई थी। सिन्धु घाटी सभ्यता के बाद जो नई सभ्यता विकसित हुई, वह वैदिक सभ्यता थी। वैदिक सभ्यता सिन्धु घाटी सभ्यता के विपरीत एक ग्रामीण सभ्यता थी। इस काल की जानकारी हमें वेदों से मिलती है। इस कारण इसका नाम वैदिक सभ्यता पड़ा।

**4.** वैदिक काल में निम्नलिखित में से किस अनाज के लिए 'वृहि' शब्द का प्रयोग किया जाता था?

(A) गेहूँ (B) मक्का

(C) जौ (D) चावल

**4.** (D) • वैदिक काल में धान के लिये वृहि शब्द का प्रयोग किया जाता था। यव (जौ) ए माण (उड़द) मुद्ग (मूंग) गोधूम (गेहूँ) आदि अनाजों का वर्णन यजुर्वेद में मिलता है। अन्य शब्द निम्नलिखित हैं—जौ (यव), उड़द (माण), मूंग (मुद्ग), गेहूँ (गोधूम)।

**5.** निम्न में से उपनिषद् किसकी व्याख्या करता है?

(A) आर्यों के दर्शन और सिद्धांतों की

(B) आर्यों की कानून व्यवस्था की

(C) आर्यों की राजनैतिक व्यवस्था की

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5.** (A) • उपनिषद् भारत के अनेक दार्शनिकों (ऋषि मुनि) के अनके वर्षों के गम्भीर चिन्तन-मनन का परिणाम है। उपनिषद् को वेदांत कहा जाता है। कुल उपनिषदों की संख्या 108 है। यह मुख्यतः ज्ञानमार्गी रचनायें हैं, इनमें आर्यों के दर्शन और उनके सिद्धांतों का वर्णन मिलता है।

**6.** पूर्व वैदिक काल में समाज के विभाजन का आधार क्या था?

(A) धर्म (B) धन

(C) जन्म (D) पेशा

**6.** (D) • पूर्व वैदिक काल में समाज के विभाजन का मुख्य आधार पेशा (कर्म) था, लेकिन उत्तर वैदिक काल में समाज का विभाजन कर्म पर आधारित न होकर जन्म पर आधारित कर दिया गया था। ऋग्वेद के दशवें मण्डल में चारों वर्णों का उल्लेख किया गया है।

### छठी शताब्दी के धार्मिक आन्दोलन (बौद्ध तथा जैन धर्म)

**1.** भारत में जैन मान्यता के अनुसार, एक तीर्थंकर को एक तीर्थ के संस्थापक के रूप में परिभाषित किया गया है। चौबीस तीर्थंकरों में से पहले कौन हैं?

(A) महावीर (B) पार्श्वनाथ

(C) रिषभनाथ (D) अभिनंदना

**[उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) (द्वितीय पाली) 20.12.2020]**

**1.** (C) रिषभनाथ जैन धर्म के पहले तीर्थंकर एवं महावीर स्वामी आखिरी 24वें तीर्थंकर हैं। अभिनन्दन नाथ चौथे एवं पार्श्वनाथ 23वें तीर्थंकर हैं।

**2.** सत्रहवीं सदी के दौरान इब्राहिम आदिलशाह द्वारा लिखी गई कौन-सी निम्नलिखित पुस्तक हिन्दू देवताओं एवं मुस्लिम सूफियों के गुणगान से सम्बन्धित गानों का संग्रहण है?

(A) गीत–गोविंद
(B) किताब–ए–नवरस
(C) पादशाहनामा
(D) मुतखाब–उल–तवारिख

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 19-06-2018 (प्रातः काल)]**

**2.** (B) बीजापुर के सुल्तान इब्राहिम आदिलशाह द्वारा रचित '**किताब-ए-नवरस**' नामक पुस्तक में हिन्दू देवी देवताओं तथा मुस्लिम संतों की प्रशंसा में रचित गीतों का संग्रह है।

**3.** गौतम बुद्ध की माँ देवदह राज्य के शासक परिवार से थी, जो अब उत्तर प्रदेश के ........ जिले में है।

(A) देवरिया (B) गोरखपुर
(C) बस्ती (D) गोंडा

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा (प्रथम पाली) 26.10.2018]**

**3.** (C) गौतम बुद्ध की माँ का नाम महामाया था। यह देवदह राज्य के शासक परिवार से थीं, जो अब उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में है।

**4.** तीसरी बौद्ध परिषद् किस शहर में आयोजित की गयी थी ?

(A) यांगून (B) पाटलिपुत्र
(C) वैशाली (D) राजगीर

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा 25.10.2018]**

**4.** (B) तीसरी बौद्ध संगीति 250 ईसा पूर्व पाटलिपुत्र में सम्राट अशोक के संरक्षण में हुई थी। इसके अध्यक्ष मोगलिपुत्त तिस्स थे।

**5.** बुद्ध ने अपना पहला उपदेश कहाँ दिया था?

(A) सारनाथ (B) बोधगया
(C) लुम्बिनी (D) कुशीनगर

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल, 2013]**

**5.** (A) महात्मा गौतम बुद्ध ने अपना पहला उपदेश '**सारनाथ**' में दिया था, जिसे '**धर्म चक्र प्रवर्तन**' के नाम से जाना जाता है। बुद्ध का जन्म 563 ई.पू. में लुम्बिनी नामक गाँव में हुआ। इन्होंने बौद्ध धर्म की स्थापना की। इन्हें '**लाइट ऑफ एशिया**' (एशिया का ज्योतिपुंज) भी कहा जाता है।

**6.** जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर कौन थे?

(A) ऋषभदेव (B) महावीर स्वामी
(C) पार्श्वनाथ (D) मल्लिनाथ

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल, 2013]**

**6.** (C) जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर **पार्श्वनाथ** थे। जिनका जन्म 872 ई. पू. में वाराणसी में एक क्षत्रीय कुल में हुआ था। जैन धर्म के **24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी** हैं। इन्हें जैन धर्म का वास्तविक संस्थापक भी कहा जाता है। इन्हें वर्धमान, सन्मति, वीर, अतिवीर भी कहा जाता है। जैनधर्म के संस्थापक ऋषभदेव हैं। इन्हें 'आदिनाथ' भी कहा जाता है।

**7.** श्वेताम्बर और दिगम्बर किस धर्म के हैं ?

(A) बौद्धमत (B) जैनमत
(C) हिन्दुत्व (D) सिखमत

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल, 2009]**

**7.** (B) श्वेताम्बर एवं दिगम्बर जैन धर्म के दो सम्प्रदाय हैं। स्थूलभद्र के शिष्य श्वेताम्बर (श्वेत वस्त्र धारण करने वाले) एवं भद्रबाहु के शिष्य दिगम्बर (नग्न रहने वाले) कहलाये। जैन धर्म के आदि प्रवर्तक ऋषभदेव थे, जबकि जैन धर्म के वास्तविक संस्थापक महावीर स्वामी थे, जो जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे।

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान बुद्ध वंश के शाक्यों द्वारा शासित था?

(A) कपिलवस्तु (B) अंग
(C) मगध (D) गांधार

**8.** (A) • गौतम बुद्ध का जन्म कपिलवस्तु के समीप लुम्बिनी वन में 563 ई.पू. में हुआ था। इनके पिता का नाम शुद्धोधन था तथा माता का नाम महामाया था। इनका लालन-पालन विमाता प्रजापति गौतमी द्वारा किया गया था। बुद्ध के बचपन का नाम सिद्धार्थ था। सिद्धार्थ का विवाह 16 वर्ष की आयु में कोलिय वंश की कन्या यशोधरा से हुआ, जिससे राहुल नामक पुत्र की प्राप्ति हुयी।

**9.** Gaccha नामक संगठन निम्नलिखित में से किस धर्म से संबंधित है?

(A) हिन्दू धर्म (B) जैन धर्म
(C) बौद्ध धर्म (D) सिख धर्म

**9.** (B) • Gaccha नामक संगठन के अनुयायी जैन धर्म के मूर्तिपूजक दिगम्बर समुदाय में भिक्षुओं और उनके अनुयायियों का एक समूह है जो स्वयं को प्रमुख मठवासी गुरुओं का वंशज मानते हैं।

**10.** बुद्ध के जीवन की घटनाओं और उनसे सम्बद्ध स्थलों को सुमेलित करें–

(A) जन्मस्थान (1) लुम्बिनी
(B) ज्ञान की प्राप्ति (2) बोधगया
(C) प्रथम उपदेश (3) सारनाथ
(D) निर्वाण की प्राप्ति (4) कुशीनगर

(A) A-1, B-2, C-3, D-4
(B) A-1, B-3, C-2, D-4
(C) A-4, B-2, C-3, D-1
(D) A-3, B-2, C-1, D-4

**10.** (A) • गौतम बुद्ध का जन्म 563 ई.पू. कपिलवस्तु के लुम्बिनी नामक स्थान पर हुआ था। बुद्ध के जन्म का प्रतीक कमल एवं सांड है, बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति बिहार के बोधगया शहर में हुई। बुद्ध द्वारा प्रथम उपदेश सारनाथ (ऋषिपत्तनम) में दिया। इसे धम्मचक्रप्रवर्तन कहा जाता है। बुद्ध की मृत्यु कुशीनगर (देवरिया उत्तर प्रदेश) में हुई। जिसे बौद्ध धर्म में महापरिनिर्वाण कहा गया।

## छठी शताब्दी पूर्व राजनीतिक दशा (महाजनपद काल)

**1.** छठवीं शताब्दी ईसा पूर्व के दौरान मथुरा के आस-पास के क्षेत्र को ............ कहा जाता था।

(A) पांचाल (B) अंग
(C) शूरसेन (D) मत्स्य

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा 19.06.2018]**

**1.** (C) छठी शताब्दी के दौरान मथुरा को शूरसेन के नाम से जाना जाता था।

**2.** किसने मगध की राजधानी राजगृह से पाटलिपुत्र स्थानांतरित की ?

(A) बिंबिसार (B) अशोक
(C) चाणक्य (D) अजातशत्रु

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा (द्वितीय पाली) 18.06.2018]**

**2.** (D) अजातशत्रु को कुणिक या पितृहंता के नाम से जाना जाता है, क्योंकि उसने सिंहासन हेतु अपने पिता बिंबिसार की हत्या कर दी थी। अजातशत्रु ने अपनी राजधानी राजगृह से पाटलिपुत्र स्थानांतरित की थी।

**3.** निम्नलिखित में से किसे लोक सभा की कार्यवाही में विशिष्ट निमंत्रण पर भाग लेने का अधिकार है?

(A) महालेखा परीक्षक
(B) महान्यायवादी
(C) सॉलिसिटर जनरल
(D) लोक सभा के सचिव

**3.** (B) • भारत का महान्यायवादी भारत सरकार का मुख्य कानूनी सलाहकार होता है। भारत के महान्यायवादी की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। संविधान के अनु. 76 में भारत के

महान्यायवादी की नियुक्ति, योग्यता, पदावधि, वेतन, कार्य तथा अधिकारों का उल्लेख है। इसकी नियुक्ति मंत्रिमण्डल की सलाह पर राष्ट्रपति करता है। महान्यायवादी भारत का प्रथम विधिक अधिकारी होता है। संसद या संसद की किसी भी सदन में इसे अपने विचार प्रकट करने का अधिकार है, लेकिन मतदान का अधिकार नहीं है। महान्यायवादी एकमात्र ऐसा व्यक्ति होता है जो संसद सदस्य न होते हुये भी संसद की कार्यवाही में भाग लेता है।

## मौर्य काल

**1.** चन्द्रगुप्त द्वितीय के कार्यकाल में निम्न में से किसने भारत का दौरा किया?

(A) फाह्यान (B) हुएँत्संग

(C) अश्वघोष (D) वसुमित्र

**1.** (A) • फाह्यान चन्द्रगुप्त द्वितीय के कार्यकाल में भारत का दौरा किया था। उसने 401 से 410 ई. तक भारत में निवास किया। वह 3 वर्ष पाटलिपुत्र में रहा पाटलिपुत्र में रहते हुये संस्कृत का अध्ययन किया।

**2.** कौटिल्य का अर्थशास्त्र मौर्य प्रणाली के किस क्षेत्र का वर्णन करता है?

(A) अर्थशास्त्र (B) प्रशासन

(C) विदेश नीति (D) वाणिज्य

**2.** (B) • कौटिल्य के अर्थशास्त्र में मौर्य साम्राज्य के प्रशासन क्षेत्र का वर्णन किया गया है। कौटिल्य सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य (321-298 ई.) के महामंत्री थे। उनके द्वारा रचित पुस्तक 'अर्थशास्त्र' में राज्य के प्रशासनिक एवं राजनीतिक दायित्वों का वर्णन मिलता है।

**3.** एक पौराणिक कथा के अनुसार, किस देवता ने दशाश्वमेध घाट पर किये जाने वाले दशाश्वमेध यज्ञ के दौरान दस घोड़ों की बलि दी थी ?

(A) भागवान विष्णु (B) भागवान ब्रह्मा

(C) भागवान शिव (D) देवी काली

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 28-01-2019 (प्रातः काल)]**

**3.** (B) एक पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान ब्रह्मा द्वारा दशाश्वमेध घाट पर किये गये दशाश्वमेध यज्ञ के समय दस घोड़ों की बलि दी थी। **भगवान विष्णु**—वैदिक काल से ही विष्णु को सम्पूर्ण विश्व की सर्वोच्च शक्ति तथा प्राकृतिक नियन्ता के रूप में माना जाता है। **भगवान शिव**—भगवान शिव को संहारक देवता कहा जाता है। **देवी काली**—देवी काली हिन्दू धर्म की एक प्रमुख देवी हैं। यह भगवती दुर्गा का काला और भयंकर रूप है।

## गुप्त काल

**1.** चन्द्रगुप्त के पुत्र का नाम बताएँ, जिन्होंने 298-272 ईसा पूर्व के बीच शासन किया था और सम्पूर्ण भारत में साम्राज्य को बढ़ाया था—

(A) हर्षवर्धन (B) अनिरुद्ध

(C) बिन्दुसार (D) वसुदेव

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा (प्रथम पाली) 27.01.2019]**

**1.** (C) मौर्य सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य के पुत्र व उत्तराधिकारी बिन्दुसार थे। बिन्दुसार को अमित्रघात, सिंहसेन, अजातशत्रु वरिसार भी कहा जाता है। बिन्दुसार महान मौर्य सम्राट अशोक के पिता थे। बिन्दुसार को **'पिता का पुत्र'** और **'पुत्र का पिता'** नाम से जाना जाता है, क्योंकि वह प्रसिद्ध व पराक्रमी शासक चन्द्रगुप्त मौर्य के पुत्र महान राजा अशोक के पिता थे।

**2.** प्राचीन गणित पुस्तक गणित-सार-संग्रह ............ द्वारा लिखी गई थी।

(A) भास्कराचार्य (B) महावीराचार्य

(C) आर्यभट्ट (D) ब्रह्मगुप्त

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा (प्रथम पाली) 18.06.2018]**

**2.** (B) गणित सार संग्रह की रचना महावीराचार्य ने, लीलावती की रचना भास्कराचार्य ने की थी।

**3.** साँची के स्तूप का निर्माण किसने कराया?

(A) चन्द्रगुप्त मौर्य (B) बिन्दुसार

(C) अशोक (D) कौटिल्य

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल, 2013]**

**3.** (C) साँची के स्तूप का निर्माण मौर्य शासक अशोक महान ने तीसरी शताब्दी ई.पू. में करवाया था। साँची मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में स्थित है। साँची के स्तूपों में स्तूप संख्या-2 सबसे बड़ा है।

**4.** निम्नलिखित में से भारतीय नेपोलियन किसे माना जाता है ?

(A) चन्द्रगुप्त मौर्य (B) समुद्रगुप्त

(C) अशोक (D) हर्षवर्धन

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल, 2009]**

**4.** (B) महान गुप्त शासक समुद्रगुप्त को 'भारत का नेपोलियन' माना जाता है। समुद्रगुप्त ने अपने शासन काल में कभी भी पराजय का मुँह नहीं देखा था। विसेन्ट स्मिथ ने कहा है, समुद्रगुप्त को भारत का नेपोलियन कहा था। इसकी उपलब्धियों का उल्लेख हरिषेण द्वारा रचित प्रयाग प्रशस्ति में मिलता है।

## संगम काल तथा दक्षिण भारतीय राज्य

**1.** पाल राजवंश के सर्वप्रथम राजा कौन थे?

(A) गोपाल (B) नंदलाल

(C) धर्मपाल (D) देवपाल

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 19-06-2018 (प्रातः काल)]**

**1.** (A) पाल वंश के प्रथम राजा **गोपाल** थे जो इस वंश के संस्थापक भी थे। बंगाल में पाल वंश की स्थापना गोपाल ने की। गोपाल के पश्चात् उसका पुत्र **धर्मपाल पाल** वंश का शासक बना था। धर्मपाल ने विक्रमशिला विश्व विद्यालय तथा **सोमपुरी और ओदन्तपुरी बिहार** की स्थापना की थी। धर्मपाल के पश्चात् **देवपाल पाल** वंश का शासक हुआ था।

# मध्यकालीन भारत का इतिहास

## भारत पर मुस्लिम आक्रमण

**1.** अपनी कृति 'पृथ्वीराज रासो' में पृथ्वीराज चौहान के वीरतापूर्ण कार्यों का उल्लेख किसने किया है ?

(A) जगनिक (B) चन्द बरदाई

(C) मतिराम (D) घनानन्द

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा (द्वितीय पाली) 18.06.2018]**

**1.** (B) चंदबरदाई ने पृथ्वीराज रासो की रचना की थी। इसमें उन्होंने पृथ्वीराज चौहान के वीरतापूर्ण कार्यों का उल्लेख किया है।

**2.** वह अरब जनरल कौन था जिसने 711 AD में सिंध पर विजय प्राप्त की और खलीफा के शासन–क्षेत्र के एक भाग के रूप में उस पर कब्जा कर लिया?

(A) मुहम्मद गजनी

(B) इब्राहिम लोदी

(C) मुहम्मद बिन कासिम

(D) मुहम्मद गोरी

**2.** (C) • वह अरब जनरल मुहम्मद बिन कासिम था, जिसने 711 AD में सिंध पर विजय प्राप्त की और खलीफा के शासन–क्षेत्र के एक भाग के रूप में उस पर कब्जा कर लिया था।

• भारत में इस्लामिक शासन का विस्तार मोहम्मद बिन कासिम के सिन्ध पर आक्रमण करने के बाद हुआ।

• महमूद गजनी मध्य अफगानिस्तान में गजनवी राजवंश का महत्वपूर्ण शासक

था।
- इब्राहिम लोदी एक अफगानी था, जो दिल्ली सल्तनत का अंतिम सुल्तान था।
- 12 वीं शताब्दी का शासक मोहम्मद गौरी अफगान का सेनापति था।

## दिल्ली सल्तनत का उदय

**1.** कुतुब-उद-दीन ऐबक किस राजवंश का संस्थापक था?
(A) लोदी वंश (B) तुगलक वंश
(C) गुलाम वंश (D) खिलजी वंश

**[उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) (द्वितीय पाली) 20.12.2020]**

**1.** (C) 1206 से 1290 ई. के मध्य दिल्ली सल्तनत पर जिन तुर्क शासकों द्वारा शासन किया गया, उन्हें गुलाम वंश का शासक माना जाता है। कुतुबुद्दीन ऐबक (1206-1210) इस वंश का प्रथम शासक था।

**2.** इतिहासकारों के अनुसार, निम्नलिखित में से किसे दिल्ली का पहला सुल्तान माना जाता है?
(A) महमूद गज़नवी
(B) कुतुब–उद–दीन ऐबक
(C) अलाउद्दीन खिलजी
(D) आरामशाह

**[उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) (द्वितीय पाली) 20.12.2020]**

**2.** (B) इतिहासकारों के अनुसार, कुतुब-उद-दीन ऐबक को दिल्ली का पहला सुल्तान माना जाता है। मोहम्मद गौरी का गुलाम कुतुब-उद-दीन ऐबक, गुलाम वंश का पहला सुल्तान था। ऐबक का साम्राज्य पूरे उत्तर भारत तक फैला था। इसके बाद खिलजी वंश ने मध्य भारत पर कब्जा किया लेकिन भारतीय उपमहाद्वीप को संगठित करने में नाकाम रहा।

## बहमनी तथा विजयनगर साम्राज्य

**1.** वह इतालवी यात्री जिसने विजयनगर साम्राज्य का अत्यंत प्रशंसात्मक विस्तृत वर्णन किया है, वह है–
(A) मार्को पोलो
(B) निकोलो डी कोन्टी
(C) बारबोसा
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल, 2013]**

**1.** (B)
- **निकोलो डी कोन्टी** एक इतालवी यात्री, एक व्यापारी था, जिसने विजयनगर साम्राज्य का अत्यंत प्रशंसात्मक एवं विस्तृत वर्णन किया है। यह विजयनगर के शासक **देवराय प्रथम** के शासनकाल में भारत आया था।
- **बारबोसा**–यह एक पुर्तगाली यात्री था जो विजयनगर साम्राज्य के महानतम शासक कृष्णदेव राय के शासन काल 1515-16 ई. में भारत आया था।
- **मार्कोपोलो**–यह एक इतालवी व्यापारी, खोजकर्ता और राजदूत था जिसका जन्म वेनिस गणराज्य में हुआ था। यह विजयनगर साम्राज्य नहीं आया था।

**2.** विजय नगर साम्राज्य का अंतिम शासक कौन था?
(A) वेंकट III (B) अच्युत देव राय
(C) अलिया रामराजा (D) श्रीरंगा III

**2.** (D) श्रीरंगा III विजय नगर साम्राज्य के अंतिम शासक थे। विजयनगर साम्राज्य की स्थापना हरिहर और बुक्का द्वारा की गई थी। इस साम्राज्य के अंतर्गत संगम वंश, सालुव वंश, तुलुव वंश तथा अरिबिदु वंश ने शासन किया।

**3.** मुगल काल में भूमि की माप की प्रथा निम्न में से किस शासक ने शुरू की?
(A) अकबर (B) शेरशाह
(C) शाहजहाँ (D) औरंगजेब

**3.** (B) मुगल काल में भूमि की माप की प्रथा को शेरशाह सूरी द्वारा प्रारम्भ कराया गया था। शेरशाह सूरी ने शासन व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए 47 भागों में व्यवस्था को बाँट रखा था।

**4.** विजय नगर साम्राज्य का अंतिम शासक कौन था?
(A) वेंकट III (B) अच्युत देव राय
(C) अलिया रामराजा (D) श्रीरंगा III

**4.** (D) श्रीरंगा III विजय नगर साम्राज्य के अंतिम शासक थे। विजयनगर साम्राज्य की स्थापना हरिहर और बुक्का द्वारा की गई थी। इस साम्राज्य के अंतर्गत संगम वंश, सालुव वंश, तुलुव वंश तथा अरिबिदु वंश ने शासन किया।

## भक्ति एवं सूफी आन्दोलन

**1.** यमुना नदी के तट पर 'दीनपनाह' शहर की नींव किसने रखी?
(A) अकबर (B) शाहजहाँ
(C) हुमायूं (D) जहांगीर

**1.** (C) हुमायूं भारत में मुगल साम्राज्य के संस्थापक बाबर का पुत्र था। हुमायूं का मुगल साम्राज्य की नींव में काफी योगदान है। यमुना नदी के तट पर दिल्ली में 'दीनपनाह' शहर की स्थापना हुमायूं ने की थी। इनके द्वारा 1533 ई. में दीनपनाह नगर की स्थापना की गई थी।

**2.** शाहजहाँ के सत्तारूढ़ होने से पहले जहाँगीर के बाद वास्तविक शासक कौन था?
(A) शहजादा रहीम (B) शाहजादा शहरयार
(C) शेर अफगान (D) शहजादा खुसरो

**2.** (B) शाहजहाँ के सत्तारूढ़ होने से पहले तथा जहाँगीर के बाद शहजादा शहरयार वास्तविक शासक था। जहाँगीर की मृत्यु के समय शाहजहाँ राजधानी से दूर था। नूरजहाँ ने अपने दामाद शहरयार को राजा बनाया, जिसे शाहजहाँ ने हटाकर गद्दी प्राप्त की थी। शहरयार ने लगभग दो महीने तक शासन किया।

**3.** वह पहला मुगल शासक कौन था जिसने अपने सैन्य-विजय अभियान में 'तुलुगमा रणनीति' का प्रयोग किया?
(A) हुमायूँ (B) मुहम्मद गौरी
(C) आदिलशाह (D) बाबर

**3.** (D) बाबर प्रथम ऐसा मुगल शासक था जिसने अपने सैन्य विजय अभियान में 'तुलुगमा युद्ध नीति' का प्रयोग किया। इस नीति के तहत अपने विश्वस्त सिपाहियों के साथ रणभूमि में बीच में मौजूद बादशाह सेना को चार टुकड़ों में बाँट देता था। इन टुकड़ियों में पहली दो टुकड़ी आगे की ओर बादशाह के दाहिने और बायें छोर की ओर व अन्य दो टुकड़ी पीछे की ओर इसी तरह तैनात रहती थीं।

## मुगल वंश का उदय तथा पतन

**1.** निम्नलिखित कथनों को पढ़ें और सही विकल्प चुनें–
(i) चोल वंश एक तमिल राजवंश था, जिसने 13वीं शताब्दी तक मुख्य रूप से दक्षिण भारत में शासन किया था।
(ii) यह चोल वंश समृद्ध गंगा नदी घाटी में उत्पन्न हुआ था।
(A) (i) सही है और (ii) सही है
(B) (i) सही है और (ii) गलत है
(C) (i) गलत है और (ii) सही है
(D) (i) गलत है और (ii) गलत है

**[उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) (प्रथम पाली) 20.12.2020]**

**1.** (B) प्राचीन भारत का एक राजवंश था। दक्षिण भारत में और पास के अन्य देशों में तमिल चोल शासकों ने 9वीं शताब्दी से 13वीं शताब्दी के बीच एक अत्यंत शक्तिशाली हिन्दू साम्राज्य का निर्माण किया। चोल राज्य आधुनिक कावेरी नदी घाटी, कोरोमण डल, त्रिचनापली एवं तंजौर तक विस्तृत था।

**2.** ओडिशा में प्रसिद्ध सूर्य मंदिर का निर्माण करवाने वाला शासक निम्नलिखित राजवंशो में से किससे संबंधित है?
(A) चोल राजवंश (B) पल्लव राजवंश
(C) कदंब राजवंश (D) गंग राजवंश
**[उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) (द्वितीय पाली) 19.12.2020]**

**2.** (D) **गंग वंश** के राजा नरसिंह देव प्रथम ने अपने वंश का वर्चस्व सिद्ध करने हेतु राजसी घोषणा से कोणार्क मंदिर निर्माण का आदेश दिया। बारह सौ वास्तुकारों और कारीगरों की सेना ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा और ऊर्जा से परिपूर्ण कला से बारह वर्षों की अथक मेहनत से इसका निर्माण किया।

**3.** 1658 में बहादुरपुर के युद्ध में, शाहजहाँ के दूसरे बेटे शाह शुजा को शाहजहाँ के पोते ........... ने हराया था।
(A) मुराद बख्श (B) सुलेमान शिकोह
(C) आलम शाह (D) बहादुर शाह
**यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा (प्रथम पाली) 27.01.2019]**

**3.** (B) शाहजहाँ के 4 बेटे थे–दारा, औरंगजेब, शाह शुजा और मुराद 1658 ई. में बहादुरपुर के युद्ध में शाहजहाँ के दूसरे बेटे शाह शुजा को दारा के पुत्र सुलेमान शिकोह ने पराजित किया था।

**4.** मुगल सम्राट जहाँगीर ने ............ में शालीमार बाग का निर्माण किया।
(A) दिल्ली (B) बलूचिस्तान
(C) अवध (D) कश्मीर
**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा (प्रथम पाली) 27.01.2019]**

**4.** (D) जम्मू–कश्मीर के शालीमार बाग का निर्माण मुगल सम्राट जहाँगीर ने किया था। यह उन्होंने अपनी प्रिय पत्नी मेहरुन्निसा के लिए बनवाया था, जिन्हें **नूरजहाँ** की उपाधि दी गई थी। शालीमार बाग श्रीनगर में भी है।

**5.** मौर्य राजवंश की स्थापना मगध में हुई थी, जो वर्तमान में ..............के नाम से जाना जाता है।
(A) पश्चिम बंगाल
(B) पंजाब
(C) बिहार
(D) आन्ध्र प्रदेश
**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा (द्वितीय पाली) 27.01.2019]**

**5.** (C) मौर्य राजवंश की स्थापना चन्द्रगुप्त मौर्य द्वारा घनानन्द को पराजित कर की गई थी। इसकी राजधानी पाटलिपुत्र (बिहार) थी। इस राजवंश की स्थापना में चन्द्रगुप्त के गुरु चाणक्य का अहम् योगदान था।

**6.** कर्नाटक संगीत में, 'अलापना' हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के ............ के समान है।
(A) तराना (B) ताल
(C) आलाप (D) तिलाना
**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 19-06-2018 (प्रातः काल)]**

**6.** (C) कर्नाटक संगीत में, 'अलापना' हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के **आलाप** शब्द का समानार्थी है। दोनों ही शैली संगीत में आलाप तथा तान का प्रयोग करती हैं।

**7.** मगध साम्राज्य का अंतिम शासक कौन था?
(A) बिम्बिसार (B) अजातशत्रु
(C) उदायिन (D) कालाशोक
**[U.P. पुलिस कांस्टेबल, 2013]**

**7.** (C) मगध साम्राज्य का अंतिम शासक उदायिन था। उदायिन, अजातशत्रु का पुत्र एवं उत्तराधिकारी था। इसने पाटलिपुत्र की स्थापना की और अपनी राजधानी को राजगृह से पाटलिपुत्र स्थानान्तरित किया। स्मरण रहे कि हर्यक वंश का अंतिम शासक उदायिन का पुत्र नागदशक था, परन्तु वह विकल्प में नहीं दिया गया है।

**8.** निम्न में से अकबर के दरबार के मुख्य चित्रकार कौन थे ?
(A) मीर मुसव्विर (B) दोस्त मुहम्मद
(C) दसवंत (D) इनमें से कोई नहीं
**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा 19.06.2018]**

**8.** (C) दसवंत मुगल शासक अकबर के दरबार के प्रमुख चित्रकार थे। इनके अतिरिक्त बसावन भी महत्वपूर्ण कलाकार थे।

**9.** गुरु गोविंद सिंह की मृत्यु के बाद, गुरु की संस्था समाप्त हो गई और सिखों का नेतृत्व उनके विश्वसनीय शिष्य को सौंप दिया गया।
(A) रणजीत सिंह (B) बंदा बहादुर
(C) अजीत सिंह (D) जुझार सिंह
**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा (प्रथम पाली) 18.06.2018]**

**9.** (B) गुरु गोविंद सिंह की मृत्यु वर्ष 1708 ई. में हुई थी तथा उनकी मृत्यु के बाद सिखों का नेतृत्व बंदा बहादुर ने संभाला।

**10.** महाराजा सवाई जय सिंह (जय सिंह द्वितीय) ने ........में एक खगोलीय वेधशाला स्थापित की।
(A) उज्जैन (B) शिमला
(C) भरतपुर (D) जोधपुर
**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा (प्रथम पाली) 18.06.2018]**

**10.** (A) सवाई राजा जयसिंह ने दिल्ली, मथुरा, उज्जैन, बनारस तथा जयपुर में खगोलीय वेधशाला स्थापित की थी।

**11.** ईरान से दिल्ली तक कलाकारों मीर सैय्यद अली और अब्दुस समद के साथ कौन-सा मुगल शासक आया था ?
(A) शाहजहाँ (B) जहाँगीर
(C) हुमायूँ (D) अकबर

**11.** (C) मुगल बादशाह हुमायूँ के साथ ईरान से दिल्ली तक मीर सैय्यद अली और अब्दुल समद भारत आये थे।
मीर सैय्यद अली और अब्दुल समद हुमायूँ के दरबारी चित्रकार थे।

**12.** मुगल काल में भूमि की माप की प्रथा निम्न में से किस शासक ने शुरू की?
(A) अकबर (B) शेरशाह
(C) शाहजहाँ (D) औरंगजेब

**12.** (B) • मुगल काल में भूमि की माप की प्रथा को शेरशाह सूरी द्वारा प्रारम्भ कराया गया था। शेरशाह सूरी ने शासन व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए 47 भागों में व्यवस्था को बाँट रखा था।

**13.** यमुना नदी के तट पर 'दीनपनाह' शहर की नींव किसने रखी?
(A) अकबर (B) शाहजहाँ
(C) हुमायूं (D) जहांगीर

**13.** (C) • हुमायूं भारत में मुगल साम्राज्य के संस्थापक बाबर का पुत्र था। हुमायूं का मुगल साम्राज्य की नींव में काफी योगदान है। यमुना नदी के तट पर दिल्ली में 'दीनपनाह' शहर की स्थापना हुमायूं ने की थी। इनके द्वारा 1533 ई. में दीनपनाह नगर की स्थापना की गई थी।

**14.** शाहजहाँ के सत्तारूढ़ होने से पहले जहाँगीर के बाद वास्तविक शासक कौन था?
(A) शहजादा रहीम (B) शहजादा शहरयार
(C) शेर अफगान (D) शहजादा खुसरो

**14.** (B) • शाहजहाँ के सत्तारूढ़ होने से पहले तथा जहाँगीर के बाद शहजादा शहरयार वास्तविक शासक था। जहाँगीर की मृत्यु के समय शाहजहाँ राजधानी से दूर था। नूरजहाँ ने अपने दामाद शहरयार को राजा बनाया, जिसे शाहजहाँ ने हटाकर गद्दी प्राप्त की थी। शहरयार ने लगभग दो महीने तक शासन किया।

**15.** वह पहला मुगल शासक कौन था जिसने अपने सैन्य-विजय अभियान में 'तुलुगमा रणनीति' का प्रयोग किया?
(A) हुमायूँ (B) मुहम्मद गौरी
(C) आदिलशाह (D) बाबर

**15.** (D) ● बाबर प्रथम ऐसा मुगल शासक था जिसने अपने सैन्य विजय अभियान में 'तुलुगमा युद्ध नीति' का प्रयोग किया। इस नीति के तहत अपने विश्वस्त सिपाहियों के साथ रणभूमि में बीच में मौजूद बादशाह सेना को चार टुकड़ों में बाँट देता था। इन टुकड़ियों में पहली दो टुकड़ी आगे की ओर बादशाह के दाहिने और बायें छोर की ओर व अन्य दो टुकड़ी पीछे की ओर इसी तरह तैनात रहती थीं।

**16.** शेरशाह ने ग्रांड ट्रंक रोड इनको जोड़ने के लिए बनवाई थी–

(A) आगरा को आसाम से
(B) आगरा को कन्नौज से
(C) आगरा को सासाराम से
(D) आगरा को अहमदनगर से

**16.** (C) ● ग्रांड ट्रंक रोड का निर्माण शेरशाह सूरी द्वारा आगरा से सासाराम को जोड़ने के उद्देश्य से कराया गया था। इसका प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित है–प्रशासनिक और सैन्य कारणों के लिए अपने विशाल साम्राज्य के सुदूर प्रान्तों को साथ जोड़ना।
सासाराम अपने गृहनगर के साथ अपनी राजधानी को जोड़ना इस सड़क का मुख्य लक्ष्य था।

**17.** ईरान से दिल्ली तक कलाकारों मीर सैय्यद अली और अब्दुस समद के साथ कौन-सा मुगल शासक आया था ?

(A) शाहजहाँ (B) जहाँगीर
(C) हुमायूँ (D) अकबर

**17.** (C) मुगल बादशाह हुमायूँ के साथ ईरान से दिल्ली तक मीर सैय्यद अली और अब्दुल समद भारत आये थे।
मीर सैय्यद अली और अब्दुल समद हुमायूँ के दरबारी चित्रकार थे।

## सिख संप्रदाय

**1.** 17वीं सदी में, किस सिख गुरु ने दारा शिकोह को पनाह दी थी?

(A) गुरु हरगोविंद (B) गुरु राम दास
(C) गुरु हरराय (D) गुरु तेग बहादुर

**1.** (C) ● 17वीं सदी में सिख गुरु हरराय द्वारा दारा शिकोह को पनाह दी गई थी। दारा शिकोह शाहजहाँ का बड़ा बेटा और औरंगजेब का बड़ा भाई था। दारा शिकोह मुगल सम्राट शाहजहाँ का सबसे बड़ा पुत्र था। शाहजहाँ उसे अपना राजपद देना चाहते थे, लेकिन उत्तराधिकारी के युद्ध में उसके भाई औरंगजेब द्वारा उसकी हत्या करवा दी गई।

**2.** 17वीं सदी में, किस सिख गुरु ने दारा शिकोह को पनाह दी थी?

(A) गुरु हरगोविंद (B) गुरु राम दास
(C) गुरु हरराय (D) गुरु तेग बहादुर

**2.** (C) ● 17वीं सदी में सिख गुरु हरराय द्वारा दारा शिकोह को पनाह दी गई थी। दारा शिकोह शाहजहाँ का बड़ा बेटा और औरंगजेब का बड़ा भाई था। दारा शिकोह मुगल सम्राट शाहजहाँ का सबसे बड़ा पुत्र था। शाहजहाँ उसे अपना राजपद देना चाहते थे, लेकिन उत्तराधिकारी के युद्ध में उसके भाई औरंगजेब द्वारा उसकी हत्या करवा दी गई।

## मराठा राजवंश

**1.** शिवाजी के छोटे बेटे का नाम बताइए जो तीसरे छत्रपति थे।

(A) राजाराम (B) सम्भाजी
(C) शाहू (D) बाजीराव

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 28-01-2019 (प्रातः काल)]**

**1.** (A) शिवाजी के छोटे बेटे का नाम **राजाराम** था, जो तीसरे छत्रपति थे।
**सम्भाजी**–ये शिवाजी के बड़े पुत्र थे। इनकी माता **सोयाराबाई** और पिता **शिवाजी** थे।
**शाहू**–मराठा के भोसले राजवंश के राजा और कोल्हापुर के महाराजा (1900-1922 ई.) थे। छत्रपति शाहू जी महाराज को **राजर्षि शाहूजी** के नाम से भी जाना जाता है।
**बाजीराव**–बाजीराव प्रथम भारतीय इतिहास के महानतम सेनानायक थे। वे 1720 से 1740 ई. तक माराठा साम्राज्य के चौथे छत्रपति शाहूजी महाराज के पेशवा (प्रधानमंत्री) रहे। बाजीराव का शासन कटक से अटक तक चलता था। इनको **'बाजीराव बल्लाल'** तथा **'थोरले बाजीराव'** के नाम से भी जाना जाता है।

**2.** पानीपत का तृतीय युद्ध किन के बीच लड़ा गया?

(A) मराठों और अंग्रेजों के मध्य
(B) मुगलों और शेरशाह के मध्य
(C) अंग्रेजों और फ्रांसीसियों के मध्य
(D) अहमदशाह अब्दाली और मराठों के मध्य

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल, 2009]**

**2.** (D) पानीपत का तृतीय युद्ध 14 जनवरी, 1761 ई. में अहमदशाह अब्दाली और मराठा सेनापति सदाशिव भाऊ के नेतृत्व में मराठों के बीच हुआ था। इस युद्ध में मराठों की पराजय हुई थी।

# आधुनिक भारत का इतिहास

## भारत में यूरोपीय कम्पनियों का आगमन

**1.** काकोरी रेलगाड़ी लूटपाट की कल्पना राम प्रसाद 'बिस्मिल' और.............ने की थी।

(A) खुदीराम बोस
(B) शिवराज राजगुरु
(C) अशफाकुल्लाह खान
(D) जतीन्द्रनाथ दास

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 28-01-2019 (प्रातः काल)]**

**1.** (C) काकोरी रेलगाड़ी लूटपाट की कल्पना राम प्रसाद **'बिस्मिल'** और **अश़फाकुल्लाह खान** ने की थी। इनका पूरा नाम अश़फाक उल्ला खान वारसी हज़रत था।
**खुदीराम बोस**–भारतीय स्वाधीनता के लिए मात्र 19 वर्ष की आयु में ही फाँसी पर लटका दिये गये थे।
**शिवराम राजगुरु**–भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख क्रान्तिकारी थे। राजगुरु को भगत सिंह और सुखदेव के साथ 23 मार्च, 1931 को फाँसी पर लटका दिया गया था।
**जतीन्द्रनाथ दास**–भारतीय स्वतंत्रता के प्रमुख क्रान्तिकारी और **हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन** के सदस्य थे। इन्होंने 63 दिन की भूख हड़ताल (अनशन) की थी इसके बाद **लाहौर सेण्ट्रल जेल** में मृत्यु हो गयी थी।

**2.** 1662 में पुर्तगाल के राजा ने इंग्लैंड के चार्ल्स द्वितीय को कौन-सा भारतीय तटीय शहर दहेज के तौर पर उपहार में दिया था ?

(A) मुम्बई (B) पुडुचेरी
(C) कोलकाता (D) गोवा

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा (द्वितीय पाली) 18.06.2018]**

**2.** (A) वर्ष 1662 में पुर्तगाल के राजा ने कैथरीन का विवाह इंग्लैंड के चार्ल्स द्वितीय से किया तथा बंबई शहर दहेज स्वरूप प्रदान किया।

**3.** अल्बुकर्क ने गोवा को ______ से अधिग्रहित किया था।

(A) बीजापुर के सुल्तान
(B) अंग्रेजों
(C) हैदराबाद के नवाब
(D) कृष्णदेवराय

**3.** (A) पुर्तगाली गवर्नर अल्बुकर्क ने बीजापुर के सुल्तान से 1510 में गोआ को अधिगृहीत किया था।
पुर्तगाली भारत आने वाले प्रथम यूरोपीय व्यापारी थे।

**4.** भारत में उपनिवेश स्थापित करने वाले अंतिम विदेशी कौन थे?
(A) पुर्तगाली (B) अंग्रेज
(C) फ्रेंच (D) मुगल

**4.** (B) ● भारत में अंतिम उपनिवेश स्थापित करने वाले अंतिम विदेशी अंग्रेज थे। सर्वप्रथम ये भारत में व्यापारिक उद्देश्य से आये थे तत्पश्चात् इसे अपना उपनिवेश बना लिया।

## गवर्नर/गवर्नर जनरल/वायसराय

**1.** वर्ष 1773 से 1785 तक वस्तुतः भारत के पहले गवर्नर–जनरल कौन थे?
(A) वॉरेन हेस्टिंग्स
(B) लॉर्ड मिंटो
(C) जॉर्ज वाटसन
(D) विलियम जॉर्ज वॉकर

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 28-01-2019 (सायं काल)]**

**1.** (A) वर्ष, 1773 ई. से 1785 ई. तक इस अवधि में वस्तुतः भारत के पहले गवर्नर जनरल वॉरेन हेस्टिंग्स थे।
**लॉर्ड मिंटो**–31 जुलाई, 1807 ई. से 4 अक्टूबर, 1813 ई. तक भारत के गवर्नर जनरल थे। इनके शासन काल में चार्टर एक्स 1813 ई. को पारित हुआ था।
**जॉर्ज वॉटसन**–एडमिरल सर जॉर्ज विल्स वाटसन वर्ष 1827 से 1897 के मध्य एक रॉयल नेवी अधिकारी थे।
विलियम जॉर्ज वाकर एक वरिष्ठ ब्रिटिश सेना अधिकारी थे। वे विक्टोरिया क्रॉस के एक प्राप्तकर्त्ता थे।

**2.** उस ब्रिटिश गवर्नर जनरल का नाम बताएँ, जिन्होंने भारत में रेलवे का शुभारम्भ किया था।
(A) लॉर्ड ऑकलैण्ड
(B) सर चार्ल्स मेटकाल्फ
(C) लॉर्ड हेस्टिंग्स
(D) लार्ड डलहौजी

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा (प्रथम पाली) 26.10.2018]**

**2.** (D) लॉर्ड डलहौजी ने भारत में रेलवे का शुभारंभ किया था।

**3.** भारत में ब्रिटिश शासन का बड़े पैमाने पर विस्तार सहायक संधियों के माध्यम से हुआ, जो गवर्नर जनरल.............के शासन काल में शुरू की गई थी।
(A) लॉर्ड वॉरेन हेस्टिंग्स
(B) लॉर्ड कार्नवालिस
(C) लॉर्ड वेलेजली
(D) लॉर्ड क्लाइव

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा (प्रथम पाली) 18.06.2018]**

**3.** (C) लॉर्ड वेलेजली को सहायक संधि तथा लॉर्ड डलहौज़ी को राज्य हड़प नीति के लिए जाना जाता है।

**4.** द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान भारत का वायसराय कौन था?
(A) लॉर्ड लिनलिथगो (B) लॉर्ड इरर्विन
(C) लॉर्ड रीडिंग (D) आर्थर वेलेस्ले

**4.** (A) ● द्वितीय विश्वयुद्ध की अवधि 1939 से 1945 ई. तक थी। इस समय भारत के वायसराय लॉर्ड लिनलिथगो थे उनका कार्यकाल 1936 से 1943 तक था।

**5.** किस वायसराय के दौर में उच्चतम न्यायालय और सदर न्यायालय का उच्च न्यायालय में विलय कर दिया गया?
(A) लॉर्ड कैनिंग (B) लॉर्ड मेयो
(C) लॉर्ड एल्गिन (D) लॉर्ड लॉरेंस

**5.** (A) ● वायसराय लॉर्ड कैनिंग के काल में उच्चतम न्यायालय और सदर न्यायालय का उच्च न्यायालय में विलय कर दिया गया। लॉर्ड कैनिंग के समय इंडियन हाई कोर्ट एक्ट, 1861 उच्चतम न्यायालय, सदर, दीवानी अदालत और सदर फौजदारी अदालत को मिलाने के लिए पास हुआ था। इन्हीं के समय में कलकत्ता (कोलकाता), मद्रास (चेन्नई) और बॉम्बे (मुम्बई) में हाईकोर्ट्स की स्थापना की गयी थी।

**6.** कलकत्ता मदरसा, भारत में राज्य-संचालित शैक्षिक संस्थान.......द्वारा स्थापित किये गये थे।
(A) लॉर्ड विलियम बेंटिंक
(B) सैयद अहमद खान
(C) लॉर्ड वेलेस्ले
(D) लॉर्ड वॉरेन हेस्टिंग्स

**6.** (D) ● वारेन हेस्टिंग्स (1772-85 ई.) बंगाल का अंतिम गवर्नर और बंगाल का पहला गवर्नर जनरल था। इसके शासनकाल में कलकत्ता मदरसा, भारत में राज्य संचालित शैक्षिक संस्थान की स्थापना की गई।
इसके अतिरिक्त इनके समय में किये गये अन्य सुधार निम्नलिखित थेः
● बंगाल में द्वैध शासन की समाप्ति (1772)
● रेग्यूलेटिंग एक्ट के तहत कलकत्ता में उच्चतम न्यायालय की स्थापना (1774)
● प्रथम आंग्ल-मराठा युद्ध (1775-82 ई.)
● द्वितीय आंग्ल-मैसूर युद्ध (1780-84 ई.)
● कलकत्ता मदरसा की स्थापना (1781 ई.)
● बोर्ड ऑफ रेवेन्यू (राजस्व बोर्ड) की स्थापना तथा कोष को मुर्शिदाबाद से कलकत्ता लाया गया।

**7.** किसके काल में दिल्ली दरबार आयोजित किया गया था?
(A) लॉर्ड डफरिन (B) लॉर्ड डलहौजी
(C) लॉर्ड मिंटो (D) लॉर्ड हार्डिंग

**7.** (D) ● दिल्ली दरबार का आयोजन सन् 1911 में लॉर्ड हार्डिंग के काल में किया गया था। इस दरबार में बंगाल विभाजन रद्द करने तथा ब्रिटिश साम्राज्य की राजधानी कलकत्ता से हटाकर दिल्ली लाने की घोषणा की गई थी।

**8.** वायसराय की कार्यकारिणी परिषद् में नियुक्त पहले भारतीय कौन थे?
(A) सत्येन्द्र प्रसाद सिन्हा
(B) जवाहर लाल नेहरू
(C) वल्लभभाई पटेल
(D) एम के गाँधी

**8.** (A) ● सत्येन्द्र प्रसाद सिन्हा वायसराय की कार्यकारिणी परिषद् में नियुक्त होने वाले प्रथम भारतीय थे। सत्येन्द्र प्रसाद सिन्हा बंगाल के एडवोकेट जनरल थे।

## ब्रिटिश साम्राज्य का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव

**1.** ब्रिटिश सरकार द्वारा 1927 में, भारत में साइमन कमीशन भेजा गया था, उसका उद्देश्य क्या था?
(A) असहयोग आंदोलन पर कार्रवाई करने के लिए
(B) हिंदू और मुस्लिम के बीच विवादों को हल करने के लिए
(C) भारत सरकार की संरचना में सुधारों के सुझाव हेतु
(D) असहयोग आंदोलन के प्रभाव का विश्लेषण करने के लिए

**[उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) (द्वितीय पाली) 20.12.2020]**

**1.** (C) साइमन कमीशन 1927 में भारत भेजा गया था। जिसका उद्देश्य भारत सरकार की संरचना सुधारों के लिए सुझाव देना था। इसके अध्यक्ष सर जॉन साइमन थे। इसमें कुल 7 सदस्य थे, जिसमें से कोई भी भारतीय नहीं था। इसलिए भारत में इस कमीशन का विरोध हुआ।

**2.** कृषक से एकत्रित भूमि राजस्व को ............ के रूप में जाना जाता है।
(A) जमींदारी व्यवस्था

(B) महालवाड़ी व्यवस्था

(C) रैयतवाड़ी व्यवस्था

(D) स्थायी कर प्रणाली

**2.** (C) ● कृषक से एकत्रित भूमि राजस्व को 'रैयतवाड़ी व्यवस्था' के रूप में जाना जाता है।
● रैयतवाड़ी व्यवस्था सर्वप्रथम 1792 ई. में मद्रास के बारामहल जिले में लागू की गई थी।
● महालवाड़ी व्यवस्था का प्रस्ताव सर्वप्रथम हॉल्ट मेकेंजी द्वारा लाया गया था।
● सर्वप्रथम जमींदारी व्यवस्था को मुगल काल और ब्रिटिश काल में प्रचलित किया गया था।
● भारत में स्थाई (कर) व्यवस्था को सर्वप्रथम वारेन हेस्टिंग्स द्वारा लाया गया।

## 1857 की क्रान्ति

**1.** स्वतंत्रता संग्राम 1857 का सिपाही विद्रोह किस शहर में हुआ था?

(A) झाँसी (B) हैदराबाद

(C) दिल्ली (D) मेरठ

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 28-01-2019 (सायं काल)]**

**1.** (D) स्वतंत्रता संग्राम 1857 ई. का सिपाही विद्रोह मेरठ शहर से आरम्भ हुआ था, जो धीरे–धीरे विभिन्न क्षेत्रों जैसे–कानपुर, बरेली, झाँसी, दिल्ली और अवध आदि में फैल गया।
**हैदराबाद**–तुर्रेबाज खान एक भारतीय क्रांतिकारी हैं, जो 1857 के भारतीय विद्रोह के दौरान हैदराबाद राज्य में अंग्रेजों के खिलाफ लड़ कर शहीद हो गये थे। यद्यपि हैदराबाद का नबाव तटस्थ रहा था।

**2.** ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी के परिसमापन और ब्रिटिश क्राउन को उसके कार्यों के हस्तान्तरण के लिए कौन-सा अधिनियम लाया गया था?

(A) पिट्स इंडिया अधिनियम, 1784

(B) भारत सरकार अधिनियम, 1858

(C) 1813 का चार्टर अधिनियम

(D) 1853 का चार्टर अधिनियम

**2.** (B) ● ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी के परिसमापन और ब्रिटिश क्राउन को उसके कार्यों के हस्तान्तरण के लिए भारत सरकार अधिनियम 1858 पारित किया गया। 1857 की क्रांति ने कम्पनी के शासन को एक तरह से समाप्त कर दिया तथा भारत अधिनियम एक्ट 1858 के द्वारा ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री लॉर्ड पामर्स्टन ने ईस्ट इण्डिया कम्पनी से भारत सरकार के नियंत्रण को क्राउन के लिए हस्तांतरित करने हेतु एक विधेयक पारित किया।

## अन्य जन आन्दोलन

**1.** भारत के निम्नलिखित में से किन स्थानों के बीच महात्मा गाँधी के नेतृत्व में अँग्रेजों के विरुद्ध नमक मार्च आयोजित किया गया था ?

(A) भावनगर से दाँडी

(B) जूनागढ़ से दाँडी

(C) राजकोट से दाँडी

(D) अहमदाबाद से दाँडी

**[उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) (प्रथम पाली) 20.12.2020]**

**1.** (D) दाँडी मार्च जिसे नमक, मार्च, दाँडी सत्याग्रह के रूप में भी जाना जाता है जो सन् 1930 में महात्मा गाँधी के द्वारा अंग्रेज सरकार के नमक के ऊपर कर लगाने के कानून के विरुद्ध किया गया सविनय कानून भंग कार्यक्रम था। ये ऐतिहासिक सत्याग्रह कार्यक्रम गाँधीजी समेत 87 लोगों के द्वारा अहमदाबाद (साबरमती आश्रम) से समुद्रतटीय गाँव दाँडी तक पैदल यात्रा करके 06 अप्रैल, 1930 को नमक हाथ में लेकर नमक विरोधी कानून का भंग किया गया था।

**2.** 1913-14 में हुए ताना भगत आंदोलन के नेता कौन थे?

(A) जयपाल सिंह

(B) सुखदेव सिंह

(C) जतरा भगत

(D) महिपाल जगत राणा

**[उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) (प्रथम पाली) 19.12.2020]**

**2.** (C) जतरा भगत ताना भगत आंदोलन के प्रमुख नेता थे। ताना भगत आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1914 में बिहार में हुई थी। यह आंदोलन लगान की ऊँची दर तथा चौकीदारी कर के विरुद्ध किया गया था। जतरा भगत का जन्म वर्तमान गुमला जिल के बिशुनपुर प्रखंड के चिंगारी गाँव में 1888 में हुआ था।

**3.** महात्मा गाँधी के प्रिय भजनों में से एक 'वैष्णव जन तो' के रचयिता कौन हैं ?

(A) सूरदास (B) मीराबाई

(C) नरसिंह मेहता (D) ज्ञानेश्वर

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा (द्वितीय पाली) 18.06.2018]**

**3.** (C) महात्मा गाँधी का प्रिय भजन "वैष्णव जन तो" की रचना नरसिंह मेहता ने की थी।

**4.** ऐसा माना जाता है कि 'भूदान आंदोलन' तब शुरू हुआ जब विनोबा भावे भूमिहीन हरिजनों की पेश आ रही समस्याओं को सम्बोधित करने पहुँचे। वह कौन-से राज्य के गाँव में पहुंचे थे?

(A) महाराष्ट्र (B) गुजरात

(C) तेलगांना (D) मध्यप्रदेश

**4.** (C) ● विनोबा भावे द्वारा भूदान आन्दोलन का प्रारम्भ सन् 1951 में किया गया। यह विचार उनके मन में उस समय में आया जब वे आन्ध्र प्रदेश (वर्तमान में तेलंगाना राज्य) के गाँवों में भ्रमण कर रहे थे। भूमिहीन अस्पृश्य लोगों या हरिजनों के एक समूह के लिए जमीन मुहैया कराने की अपील के जवाब में एक जमींदार ने उन्हें एक एकड़ जमीन देने का प्रस्ताव किया। इसके बाद वह गाँव-गाँव घूमकर भूमिहीन लोगों के लिए भूमि का दान करने की अपील करने लगे।

**5.** 1953-67 के मध्य किस सत्याग्रह आन्दोलन ने छोटे किसानों को जोखिम लेने तथा बड़े जमीदारों की निजी भूमि पर कब्जा करने, 'जो स्वयं कृषि कार्य नहीं करते थे तथा उस भूमि पर खेती शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया।

(A) भूदान (B) ग्रामसत्य

(C) पारदी (D) ग्रामदान

**5.** (C) ● पारदी दक्षिणी गुजरात के वलसाड जिले का एक तालुका है। इस इलाके की एक प्रमुख समस्या यह था, कि खेती योग्य कुल भूमि का 3/4 भाग 100 जमींदारों के पास थी, जबकि इन जमींदारों को खेती करने में कोई रुचि नहीं थी। इसी के परिणामस्वरूप वर्ष 1953-67 के मध्य पारदी सत्याग्रह आन्दोलन के अन्तर्गत छोटे किसानों को जोखिम लेने तथा बड़े जमींदारों की निजी भूमि पर कब्जा करने, जो स्वयं कृषि कार्य नहीं करते थे तथा उस भूमि पर खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**6.** दक्षिण भारत के मालाबार क्षेत्र में किस वर्ष में मोपला विद्रोह हुआ था?

(A) 1919 (B) 1909

(C) 1921 (D) 1934

**6.** (C) ● मोपला विद्रोह दक्षिण भारत में केरल के मालाबार क्षेत्र में 1921 ई. में हुआ था। इसके नेतृत्व 'अली मुसलियार' द्वारा किया गया था। यह विद्रोह केरल

के मोपला मुसलमानों द्वारा स्थानीय जमीदारों तथा ब्रितानियों के खिलाफ लड़ा गया था।

**7.** 1946 में निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में एक महत्वपूर्ण किसान आन्दोलन, तेभागा आन्दोलन शुरू किया गया था?

(A) सिन्ध (B) असम
(C) बंगाल (D) पंजाब

**7.** (C) ● तेभागा आन्दोलन बंगाल के प्रसिद्ध किसान आन्दोलनों में से एक था। वर्ष 1946 ई. का यह आन्दोलन सर्वाधिक सशक्त आन्दोलन के रूप में उभरा। जिसमें किसानों ने फ्लाइड कमीशन की सिफारिश के अनुरूप लगान की दर घटाकर 2/3 करने के लिए संघर्ष शुरू किया था। यह आन्दोलन 'कम्पाराम सिंह' एवं 'भवन सिंह' के नेतृत्व में चलाया गया।

## आधुनिक भारत में शिक्षा का विकास

**1.** किस भारतीय दार्शनिक-विचारक को 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में अपने संबोधन के लिए याद किया जाता है ?

(A) राजा राम मोहन राय
(B) स्वामी विवेकानन्द
(C) सर्वपल्ली राधाकृष्णन
(D) रामकृष्ण परमहंस

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा (द्वितीय पाली) 18.06.2018]**

**1.** (B) स्वामी विवेकानंद को वर्ष 1893 में आयोजित शिकागो धर्म सम्मेलन में अपने सम्बोधन के लिए याद किया जाता है। इनका बचपन का नाम नरेन्द्रनाथ दत्त था। इनके गुरु का नाम रामकृष्ण परमहंस था।

**2.** भारतीय साहित्य में, आरम्भिक बीसवीं शताब्दी के मुख्य हिन्दुस्तानी लेखक 'धनपत राय' को किस नाम से जाना जाता है ?

(A) फिराक गोरखपुरी
(B) अशोक वाजपेयी
(C) मुशी प्रेमचन्द
(D) बंकिमचन्द्र चटर्जी

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा (द्वितीय पाली) 18.06.2018]**

**2.** (C) मुंशी प्रेमचंद का वास्तविक नाम "धनपत राय श्रीवास्तव" था। प्रारंभ में इन्होंने "नवाबराय" नाम से तथा बाद में "प्रेमचंद" नाम से लेखन कार्य किया।

**3.** निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में 1813 के चार्टर एक्ट में भारत में अंग्रेजी नीति से मौलिक परिवर्तन आया?

(A) कृषि (B) शिक्षा
(C) जन स्वास्थ्य (D) तकनीकी शिक्षा

**3.** (B) ● 1813 के अधिनियम के तहत भारत में शिक्षा के प्रचार व प्रसार पर बल दिया गया। इस अधिनियम ने पहली बार ब्रिटिश भारतीय क्षेत्रों की संवैधानिक स्थिति को परिभाषित किया। इस अधिनियम के द्वारा भारतीयों के शिक्षा के लिए सरकार को प्रतिवर्ष ₹1 लाख खर्च करने का निर्देश दिया गया तथा इसके अलावा ईसाई मिशनरियों को भारत में धर्म प्रचार की अनुमति दी गई थी।

**4.** किस साल में भारत में विश्वविद्यालय शिक्षा की समस्या का अध्ययन करने और रिपोर्ट देने के लिए 'सैडलर आयोग' को नियुक्त किया गया था?

(A) 1917 (B) 1924
(C) 1936 (D) 1906

**4.** (A) ● सैडलर आयोग का गठन सन् 1917 में विश्वविद्यालय शिक्षा की समस्या का अध्ययन करने और रिपोर्ट देने के लिए किया गया था। इस आयोग में दो भारतीय डॉ. आशुतोष मुखर्जी एवं डॉ. जियाउद्दीन अहमद शामिल थे। इस आयोग ने कलकत्ता विश्वविद्यालय के साथ-साथ माध्यमिक स्नातकोत्तरीय शिक्षा पर भी अध्ययन किया।

## आधुनिक भारत में प्रेस का विकास

**1.** बाल गंगाधर तिलक द्वारा प्रकाशित 'केसरी' समाचार पत्र किस भाषा में था?

(A) पंजाबी (B) तेलुगु
(C) बंगाली (D) मराठी

**1.** (D)
- बाल गंगाधर तिलक द्वारा प्रकाशित 'केसरी' समाचार पत्र मराठी भाषा में था।
- बाल गंगाधर तिलक एक समाज सुधारक, शिक्षक, वकील थे।
- बाल गंगाधर तिलक को 'भारतीय अशांति के पिता' कहा जाता है।
- बाल गंगाधर तिलक को 'लोकमान्य' की उपाधि प्राप्त है।
- बाल बंगाधर तिलक भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से सम्बधित थे।
- ये भारतीय राष्ट्रीय काग्रेंस के सदस्य थे।
- इनका कथन 'स्वराज्य मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है'' था।

## सामाजिक एवं धार्मिक सुधार आन्दोलन

**1.** भारत छोड़ो आन्दोलन 1942 झारखण्ड में किस नेता के नेतृत्व में लड़ा गया था ?

(A) जैपाल सिंह (B) चूना राम महतो
(C) रामनाथ सोरेन (D) राम भगत

**[उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) (प्रथम पाली) 20.12.2020]**

**1.** (B) भारत छोड़ो आन्दोलन 1942 झारखंड चूना राम महतों के नेतृत्व में लड़ा गया था। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के साथ मिलकर 1 अक्टूबर, 1942 को तत्कालीन मानभूम जिले के बादवान, बड़ाबाजार और मानबाजार थाना पर अचानक हमला करके पुलिस वालों को बंधक बनाने की योजना बनाई।

**2.** भारत में अली बंधुओं, शौकत अली एवं मोहम्मद अली ने किस आंदोलन का नेतृत्व किया था?

(A) भारत छोड़ो आंदोलन
(B) खिलाफत आंदोलन
(C) दिल्ली चलो आंदोलन
(D) बहिष्कार आंदोलन

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 19-06-2018 (प्रातः काल)]**

**2.** (B) अली बन्धुओं (मोहम्मद अली और शौकत अली) ने **खिलाफत आन्दोलन** का **नेतृत्व** किया था। खिलाफत आन्दोलन तुर्की साम्राज्य के विभाजन के विरुद्ध भारत ने भी शुरू हुआ। **10 अगस्त, 1920** को सम्पन्न **सीवर्स** की **संधि** के बाद तुर्की का विभाजन हो गया।

**3.** कोलकाता में धर्म सभा की स्थापना किसने की थी?

(A) गोपी मोहन देव
(B) भाई बालक सिंह
(C) सैयद अहमद खान
(D) हेनरी लुइस विविअन डेरेजियो

**3.** (A) ● कोलकाता में धर्म सभा की स्थापना वर्ष 1830 में गोपी मोहन देव राधाकांत देव द्वारा की गई। इस सभा की स्थापना सामाजिक सुधार आंदोलनों का मुकाबला करने के लिए की गई थी। इस सभा द्वारा हिंदू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम 1856 का विरोध किया गया।

**4.** ज्योतिबा फुले निम्न में से संबंधित थे–

(A) किसान आन्दोलन
(B) जाति विरोधी आन्दोलन

(C) श्रमिक संघ आन्दोलन

(D) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

**4.** (B) ● ज्योतिबा फुले महाराष्ट्र में सर्वप्रथम अछूतोद्धार और महिला शिक्षा का काम आरम्भ करने वाले महान भारतीय विचारक समाज सेवी लेखक एवं दार्शनिक थे। इन्होंने दलितों तथा निर्बल वर्ग को न्याय दिलाने के लिए ज्योतिबा फुले ने 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना की। ये भारतीय समाज में प्रचलित जाति आधारित विभाजन और भेदभाव के खिलाफ थे। इन्होंने इसके साथ ही किसानों की हालत सुधारने और उनके कल्याण के लिए काफी प्रयास किया।

## कॉंग्रेस से पूर्व स्थापित राजनीतिक संस्थाएँ

**1.** 1825 में वेदांता कॉलेज की स्थापना किसने की, जिसमें दोनों भारतीय अध्ययन और पाश्चात्य सामाजिक तथा भौतिकी विज्ञान पाठ्यक्रम प्रस्तुत किया गया था ?

(A) अरबिंद घोष

(B) राजा राम मोहन रॉय

(C) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर

(D) स्वामी विवेकानन्द

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा 19.06.2018]**

**1.** (B) वर्ष 1825 में राजा राम मोहन रॉय ने वेदान्त कॉलेज की स्थापना की थी। उन्हें राजा की उपाधि अकबर द्वितीय ने दी थी।

**2.** मद्रास हिन्दू सामाजिक सुधार एसोसिएशन का आरम्भ किसकी मदद के लिए हुआ था?

(A) गरीब बच्चों (B) विकलांगों

(C) देवदासियों (D) जनजातीय लोगों

**2.** (C) ● 1892 में मद्रास हिन्दू सामाजिक सुधार एसोसिएशन की स्थापना देवदासियों या धार्मिक वेश्याओं की मदद के उद्देश्य से की गई थी। ये देवदासियाँ हिन्दू राजा-महाराजाओं के घर नृत्य करती थीं। जिसके कारण समाज में नैतिक पतन, चरित्रहीनता, महिला हीन दशा जैसी समस्यायें हो गयी थीं। इस संगठन को इन्हीं महिलाओं के सुधार के लिए जाना जाता है।

## भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

**1.** पाकिस्तान नाम सबसे पहले............. द्वारा गढ़ा गया था।

(A) मोहम्मद इकबाल

(B) मोहम्मद अली जिन्ना

(C) चौधरी रहमत अली

(D) मौलाना आजाद

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा (प्रथम पाली) 18.06.2018]**

**1.** (C) पाकिस्तान नाम सबसे पहले चौधरी रहमत अली द्वारा गढ़ा गया था। माउंटबेटन योजना 1947 के अन्तर्गत भारत को दो भागों—भारत एवं पाकिस्तान में विभाजित किया गया था।

**2.** निम्नलिखित में से किस रियासत ने 1947 में पाकिस्तान में मिलने की घोषणा की थी, लेकिन बाद में जनमत संग्रह के बाद इसे भारत में शामिल होने के लिए मजबूर होना पड़ा था ?

(A) रामपुर (B) जूनागढ़

(C) फरीदकोट (D) पोरबंदर

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा (प्रथम पाली) 18.06.2018]**

**2.** (B) भारत के स्वतंत्र होने पर कश्मीर, जूनागढ़ तथा हैदराबाद की रियासतें भारतीय संघ में शामिल नहीं हुई थीं। जूनागढ़ को जनमत संग्रह से, कश्मीर को विलय पत्र से तथा हैदराबाद को सैनिक कार्यवाही द्वारा भारतीय संघ में मिलाया गया।

## भारत का स्वतंत्रता संघर्ष

**1.** जौनपुर के शर्की शासक, सुल्तान हुसैन शर्की एक महान संगीतकार थे और उन्होंने ......... की तर्ज पर बड़ा खयाल विकसित किया था।

(A) ठुमरी (B) गजल

(C) कव्वाली (D) दादरा

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा (प्रथम पाली) 26.10.2018]**

**1.** (A) ठुमरी

**2.** चेमांचेरी कुन्हीरमण नायर निम्नलिखित में से किस नृत्य रूप के उल्लेखनीय नर्तक हैं ?

(A) कथकली (B) मोहिनीअट्टम

(C) भरतनाट्यम (D) यक्षगान

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा 25.10.2018]**

**2.** (A) चेमांचेरी कुन्हीरमण नायर का सम्बन्ध कथकली नृत्य से है। कथकली नृत्य का सम्बन्ध केरल राज्य से है।

**3.** ............ फैजाबाद के एक प्रमुख संगीतकार थे, जिन्होंने शास्त्रीय संगीत में टप्पा शैली का विकास किया।

(A) मुश्तरी बाई (B) खुशी महाराज

(C) मेहंदी खान (D) ठाकुर प्रसाद

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा 19.06.2018]**

**3.** (A) मुश्तरी बाई फैज़ाबाद के प्रमुख संगीतकार थे। जिन्होंने ही शास्त्रीय संगीत में टप्पा शैली का विकास किया।

**4.** निम्न में से किस रूमानी काव्य लेखक को उनकी कृति 'मदनाष्टक' के लिए जाना जाता है ?

(A) रहीम

(B) मलिक मोहम्मद जायसी

(C) जिया-उद्-दीन बरनी

(D) सुल्तान फिरोज तुगलक

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा 19.06.2018]**

**4.** (A) रहीम को उनके रूमानी काव्य कृति 'मदनाष्टक' के लिए जाना जाता है।

**5.** निम्न में से पंजाब का कौन-सा प्रसिद्ध वाद्य यंत्र, लकड़ियों की कई छड़ियों से मिलकर बना होता है?

(A) मशक (B) चिमटा

(C) चिक्का (D) खड़ताल

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा (द्वितीय पाली) 18.06.2018]**

**5.** (C) चिक्का पंजाब का एक प्रसिद्ध वाद्य यंत्र है जो लकड़ियों की कई छडियों से मिलकर बनता है। इसका प्रयोग गिद्दा तथा भाँगड़ा में किया जाता है।

**6.** हरिवंश राय बच्चन को उनके किस काव्य संग्रह के लिए जाना जाता है ?

(A) नजरुल गीति (B) गीतांजलि

(C) राजतरंगिणी (D) मधुशाला

**[यू. पी. पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा (द्वितीय पाली) 18.06.2018]**

**6.** (D) मधुशाला हरिवंश राय बच्चन का 135 रुबाइयों वाली काव्य संग्रह है। इसको वर्ष 1935 में प्रकाशित किया गया था।

**7.** हॉबहाउस की अध्यक्षता के तहत विकेंद्रीकरण पर रॉयल कमीशन (रॉयल कमीशन ऑन डि. सेंट्लाइजेशन) को किस वर्ष में नियुक्त किया गया था?

(A) 1911 (B) 1907

(C) 1905 (D) 1909

**7.** (B) ● हॉबहाउस की अध्यक्षता के तहत विकेंद्रीकरण पर रॉयल कमीशन को 1907 में नियुक्त किया गया था। यह सी.ई.एच. होबहाउस कि अध्यक्षता में गठित किया गया था।

- 73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992 के प्रावधान के अनुसार पंचायती राज संस्थानों का गठन करने वाला म.प्र भारत का पहला राजा था।
- भारत में पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल को मनाया जाता है।
- बलवंत राय मेहता की पंचायती राज संस्थाओं के जनक के रूप में जाना जाता है।

**8.** बंगाल का विभाजन, किस वर्ष में हुआ था?
(A) 1905 (B) 1904
(C) 1804 (D) 1805

**8.** (A) बंगाल का विभाजन सन् 1905 में तत्कालीन वायसराय कर्जन के द्वारा किया गया था। मुस्लिम बहुल क्षेत्र के निर्माण के उद्देश्य से बंगाल को बाँटा गया था। जिसे दिल्ली दरबार 1911 में रद्द कर दिया गया था।

**9.** 'खुदाई खिदमतगार' आमतौर पर........के रूप में जाने जाते हैं।
(A) लाल कुर्ती पहनने वाले (रेड–ड्रेस्ड)
(B) बैंगनी कुर्ती पहनने वाले (पर्पल–ड्रेस्ड)
(C) नीली कुर्ती पहनने वाले (ब्लू–ड्रेस्ड)
(D) सफेद कुर्ती पहनने वाले (व्हाईट–ड्रेस्ड)

**9.** (A) ● 1929 में खान अब्दुल गफ्फार खान, जिन्हें बादशाह खान और फ्रंटियर गाँधी के नाम से भी जाना जाता है, ने दुनिया की पहली अहिंसक सेना खुदाई खिदमतगार (भगवान के सेवक) आंदोलन का गठन किया। आंदोलन के सदस्यों को लाल रंग की वर्दी के कारण 'लाल कमीज' के रूप में जाना जाता था। शुरू में उन्होंने ग्रामीण परियोजनाओं के आयोजन और स्कूल खोलने का काम करना शुरू किया, लेकिन जल्द ही वे व्यापक भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का हिस्सा बन गये।

**10.** किस देश ने 1914 में जापानी स्टीमर कामागाटामारू के प्रवेश के लिए मना कर दिया था?
(A) चीन
(B) संयुक्त राज्य अमेरिका
(C) कनाडा
(D) भारत

**10.** (C) ● 1914 को जापानी जहाज कामागाटामारू हांगकांग से रवाना हुआ जिसमें 376 यात्री सवार थे। इन प्रवासियों को कनाडाई सरकार द्वारा अपनी जमीन पर उतरने से रोक दिया गया और सिर्फ 24 लोगों को उतारकर बाकी को वापस भेज दिया। शेष यात्री कोलकाता के बजबज घाट पर पहुंचने पर अंग्रेजों की फायरिंग का शिकार हो गये जिसमें 19 लोगों की मौके पर मौत हो गयी।

**11.** 1905 में बंगाल राष्ट्रवादी भावना का केन्द्र था। भारत का कौन-सा वायसराय बंगाल के विभाजन के लिए जिम्मेदार था?
(A) लॉर्ड कार्नवालिस (B) लॉर्ड कर्जन
(C) लॉर्ड वेलेस्ले (D) लॉर्ड क्लाइव

**11.** (B) ● लॉर्ड कर्जन को बंगाल विभाजन के लिए जिम्मेदार माना जाता है। बंगाल विभाजन का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक कठिनाइयों को दूर करना था, लेकिन इसका वास्तविक उद्देश्य बंगाल में बढ़ रही राष्ट्रवादी भावना को कमजोर करना तथा वहाँ के लोगों के बीच फूट डालना था। बंगाल विभाजन के समय वायसराय लॉर्ड कर्जन थे। बंगाल विभाजन 16 अक्टूबर, 1905 को लागू किया गया था।

**12.** भारतीय स्वतंत्रता के लिए बर्लिन समिति किस योजना के तहत स्थापित की गई थी?
(A) कनॉट सीमा योजना
(B) एनी लार्सन योजना
(C) जिम्मरमैन योजना
(D) पनल रिटर योजना

**12.** (C) ● जिम्मरमैन योजना के तहत बर्लिन कमेटी फॉर इंडियन इंडिपेंडेंस की स्थापना की गई थी। बर्किन कमेटी की स्थापना सन् 1915 में भूपेन्द्रनाथ दत्त, लाला हरदयाल एवं वीरेन्द्र नाथ चट्टोपाध्याय द्वारा की गई थी। इस समिति का प्रमुख उद्देश्य भारतीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देना था।

**13.** साल 1919 में किनकी गिरफ्तारी पर लोग जलियांवाला बाग में इकट्ठा हुये?
(A) सी आर दास
(B) लाला लाजपत राय
(C) डॉ सत्यपाल और सैफुद्दीन किचलू
(D) महात्मा गाँधी

**13.** (C) ● 13 अप्रैल, 1919 में हुई जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की भ्रमरत घटनाओं में से एक था। यह घटना तब घटी जब दो स्थानीय लोकप्रिय नेताओं डॉ. सत्यपाल तथा सैफुद्दीन किचलू की गिरफ्तारी के विरोध में जलियाँवाला बाग में इकट्ठे हुये थे। चारों तरफ से बन्द होने के कारण जनरल ओ डायर द्वारा इन लोगों पर गोलियां बरसाई गईं।

**14.** गाँधी का दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटने के लिए राजी करने में किसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी?
(A) एफ.डब्ल्यू. बाकुर
(B) स्पेंसर वाल्टन
(C) विलियम गॉडफे
(D) सी.एफ. एंड्रयूज

**14.** (D) ● गाँधी को दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटने के लिए राजी करने में सी.एफ. एंड्रयूज द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई थी। भारत में प्रवासी भारतीय दिवस हर साल 09 जनवरी को मनाया जाता है। प्रवासी भारतीय दिवस महात्मा गाँधी के दक्षिण अफ्रीका से लौटने के उपलक्ष्य में ही मनाया जाता है। महात्मा गाँधी दक्षिण अफ्रीका से सन् 1915 में भारत आये थे।

**15.** निम्न में से किस स्वतंत्रता सेनानी के खिलाफ केन्द्रीय विधानसभा बम मामला (1929) दायर किया गया था?
(A) राजगुरु (B) बटुकेश्वर दत्त
(C) सुखदेव (D) चन्द्रशेखर आजाद

**15.** (B) ● पब्लिक सेफ्टी बिल पर बहस के दौरान 08 अप्रैल, 1929 ई. को भगत सिंह एवं बटुकेश्वर दत्त द्वारा केन्द्रीय असेम्बली की खाली बेन्चों पर बम फेंका। इनका उद्देश्य किसी की हत्या नहीं वरन् अपने विचारों को सरकार एवं जनता तक पहुँचाना था, लेकिन इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया तथा इन पर मुकदमा चलाया गया।

**16.** ........1940 में ब्रिटिश सरकार द्वारा बनाया गया एक प्रस्ताव था, जिसमें अधिक भारतीयों को शामिल करने के लिए भारत के वायसराय की कार्यकारी परिषद् के विस्तार का और अपने स्वयं के संविधान को तैयार करने के लिए भारतीयों के अधिकार की मान्यता का वादा किया गया था।
(A) अगस्त ऑफर
(B) कैबिनेट मिशन योजना
(C) चर्चिल वोट
(D) क्रिप्स मिशन

**16.** (A) ● ब्रिटिश सरकार द्वारा 08 अगस्त, 1940 को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसे अगस्त प्रस्ताव के रूप में जाना जाता है। यह एक ऐसा प्रस्ताव था जिसमें अधिक से अधिक भारतीयों को शामिल करने के लिए वायसराय की कार्यकारिणी परिषद् के विस्तार का और अपने स्वयं का संविधान तैयार करने के लिए भारतीयों के अधिकार को मान्यता का वचन दिया गया था।

**17.** दिये गये विकल्पों में से कौन भारत के लिए 1946 के यूनाइटेड किंगडम कैबिनेट मिशन का सदस्य नहीं था?
(A) लार्ड लॉरेंस
(B) ए.वी. एलेक्जेंडर
(C) जॉन बप्तिस्ता
(D) सर स्टैफोर्ड क्रिप्स

**17.** (C) ● कैबिनेट मिशन के गठन की घोषणा 19 फरवरी, 1946 को ब्रिटिश प्रधानमंत्री सी.आर.एटली ने की थी। कैबिनेट

मिशन 1946 को दिल्ली पहुँचा। कैबिनेट मिशन के तीन सदस्य लार्ड पैथिक लॉरेंस (भारत सचिव), सर स्टेफोर्ड क्रिप्स व्यापार बोर्ड के अध्यक्ष तथा एवी अलेक्जेंडर (नौसेना मंत्री) थे। अतः जॉन बप्तिस्ता इस मिशन के सदस्य नहीं थे।

**18.** 1939 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई.एन.सी.) के त्रिपुरा सत्र में अध्यक्ष पद के लिए महात्मा गाँधी की पसन्द का उम्मीदवार कौन था?

(A) जवाहरलाल नेहरू
(B) सुभाष चन्द्र बोस
(C) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(D) पट्टाभि सीतारमैया

**18.** (D) • गाँधीजी चाहते थे कि वर्ष 1939 के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई.एन.सी.) के त्रिपुरा सत्र की अध्यक्षता पट्टाभि सीतारमैया करें। गाँधी जी के पसंदीदा उम्मीदवार पट्टाभि सीतारमैया को सुभाष चन्द्र बोस ने अध्यक्ष पद हेतु हुये चुनाव में हराया, लेकिन त्रिपुरा कांग्रेस चुनाव के बाद गाँधी जी के द्वारा विरोध करने के कारण सुभाष चन्द्र बोस द्वारा अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया गया।

**19.** कौन-से दो व्यक्तियों ने 1947 से 1950 तक किंग जॉर्ज VI के प्रतिनिधि के रूप में भारत के गवर्नर जनरल की भूमिका निभाई थी?

(A) लुईस माउंटबेटन और जवाहरलाल नेहरू
(B) लुईस माउंटबेटन और राजेन्द्र प्रसाद
(C) राजेन्द्र प्रसाद और सी.राजगोपालाचारी
(D) लुईस माउंटबेटन और सी.राजगोपालाचारी

**19.** (D) • स्वतंत्र भारत के प्रथम गवर्नर जनरल लॉर्ड माउण्टबेटन थे। (मार्च 1947 से जून 1948 ई.) तथा स्वतंत्र भारत के प्रथम एवं अंतिम भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी 1948 से 1950 तक भारत के गवर्नर जनरल रहे। चक्रवती राजगोपालाचारी न केवल अन्तिम बल्कि प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल भी रहे।

**20.** भारत को अंग्रेजों से स्वतंत्रता दिलाने के लिए राष्ट्रवादी संघर्ष में शामिल होने के लिए किसने ICS जैसे एक शानदार कैरियर का त्याग कर दिया?

(A) जवाहरलाल नेहरू
(B) महात्मा गाँधी
(C) नेताजी सुभाष बोस
(D) मोहम्मद अली जिन्ना

**20.** (C) • नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने अंग्रेजों से स्वतंत्रता दिलाने के लिए तथा राष्ट्रवादी संघर्ष में शामिल होने के लिए ICS जैसे एक शानदार कैरियर को त्याग दिया था। इन्होंने आजाद हिन्द फौज की स्थापना की। सन् 1920 में बोस ने 'इंडियन सिविल सर्विस' की परीक्षा उत्तीर्ण की लेकिन अप्रैल 1921 ई. में भारत को अंग्रेजों से स्वतंत्रता दिलाने के लिए राष्ट्रवादी संघर्ष में शामिल हो गये।

## विश्व का इतिहास

**1.** न्यू कैलेडोनिया.........से स्वतंत्रता को अस्वीकार करता है।

(A) फ्रांस (B) यू. के.
(C) नीदरलैंड्स (D) जर्मनी

**1.** (A) • न्यू कैलेडोनिया फ्रांस से स्वतंत्रता को अस्वीकार करता है।
• न्यू कैलेडोनिया फ्रांस का एक विदेशी क्षेत्र है, जिसकी राजधानी नोमिया है।
• फ्रांस यूरोप महाद्वीप का एक देश है जिसकी राजधानी पेरिस है।
• नीदरलैण्ड यूरोप का एक देश है जिसकी राजधानी एम्सटर्डम है।
• जर्मनी यूरोप महाद्वीप का एक देश है जिसकी राजधानी बर्लिन है।

## कला एवं संस्कृति

**1.** लावणी किस भारतीय राज्य का प्रसिद्ध लो. क–नृत्य है?

(A) उत्तर प्रदेश (B) महाराष्ट्र
(C) सिक्किम (D) तमिलनाडु

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 28-01-2019 (सायं काल)]**

**1.** (B) लावणी भारत के महाराष्ट्र राज्य का प्रसिद्ध लोक–नृत्य है।
**उत्तर प्रदेश**–रास नृत्य, झूला नृत्य, चर. कुला नृत्य, जोगिनी नृत्य, नटवरी नृत्य आदि प्रमुख लोक नृत्य हैं।
**तमिलनाडु**–कड़ागम, भरतनाट्यम (शास्त्रीय) कावड़ी प्रमुख नृत्य हैं।
**सिक्किम**–छू फाट नृत्य, खूखूरी नाच, चुटके नाच, मारूनी नाच आदि लोकप्रिय नृत्य हैं।

**2.** ............ भारत में कथक नृत्य के/की एक शास्त्रज्ञ हैं।

(A) सोनल मानसिंह
(B) मल्लिका साराभाई
(C) पंडित बिरजू महाराज
(D) उदय शंकर

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 28-01-2019 (प्रातः काल)]**

**2.** (A) 'पंडित बिरजू महाराज' भारत के कथक नृत्य के एक शास्त्रज्ञ हैं।
**सोनल मानसिंह**–सोलन मानसिंह भारतीय **शास्त्रीय नर्तक** और गुरु भरतनाट्यम और ओडिसी नृत्य शैली में कुशल थे। इनको भारत सरकार ने 1992 **ई.** में **कला** के क्षेत्र में **पद्म भूषण** से सम्मानित किया था।

**3.** प्रसिद्ध सूफी संत ............... के वार्षिक 'उर्स' के अवसर पर हिंदू कैलेण्डर के कार्तिक महीने में प्रति वर्ष बाराबंकी में देवा मेला आयोजित किया जाता है।

(A) निजामुद्दीन औलिया
(B) वारिस अली शाह
(C) मोइनुद्दीन चिश्ती
(D) सलीम चिश्ती

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 19-06-2018 (प्रातः काल)]**

**3.** (B) प्रसिद्ध सूफी संत हाजी **वारिस अली शाह** के वार्षिक 'उर्स' के मौके पर हिंदू कैलेंडर के अनुसार कार्तिक माह में प्रतिवर्ष **बारा. बंकी जनपद** में **देवा शरीफ** में मेले का आयोजन किया जाता है।
वारिस अली का अन्य नाम **सरकार वारिस पाक, वारिस बाबा** है। सूफी फकीर हाजी वारिस अली शाह की दरगाह एक मात्र ऐसी दरगाह है जहाँ हर वर्ष होली मनाई जाती है।

**4.** किस राज्य में महिलाओं का मुख्य वेश साड़ी नहीं है?

(A) उत्तर प्रदेश
(B) प. बंगाल
(C) अरुणाचल प्रदेश
(D) आन्ध्र प्रदेश

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल, 2014]**

**4.** (C) **अरुणाचल प्रदेश** की महिलाओं का मुख्य पहनावा साड़ी नहीं है। वे एक लुंगी की तरह कपड़ा होता जिसे वे कमर से लपेटे रहती हैं और एक झबलानुमा वस्त्र जो कमर के ऊपरी हिस्से में पहनती हैं।

**5.** 'चरकुला' नृत्य ............ सम्बन्धित है।

(A) गुजरात (B) मध्य प्रदेश
(C) उत्तर प्रदेश (D) बिहार

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल, 2013]**

**5.** (C) 'चरकुला' नृत्य उ.प्र. (ब्रज क्षेत्र) से सम्बन्धित एक लोकनृत्य है। दिये गये विक. ल्पों में अन्य राज्यों के लोकनृत्य निम्न हैं–

| **राज्य** | **लोकनृत्य** |
|---|---|
| गुजरात | गरबा, डांडिया रास, भवई आदि |

| | |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | चरकुला, नौटंकी, रासलीला, कजरी, छप्पेली आदि। |
| मध्य प्रदेश | जवारा, मटकी, आडा, खड़ा, नाच, फूलपति, गिर्धा नृत्य, मंच। |
| बिहार | जाट-जाटिन, बक्खो-बखैन, सामा–चकवा, विदेशिया तथा पनवारिया। |

**6.** राजस्थान के पारम्परिक 'स्ट्रिंग पपेट' को ............... के रूप में जाना जाता है।

(A) बोम्मलट्टम (B) गोम्बयेट्टा
(C) कठपुतली (D) रावण छाया

**6.** (C)
- राजस्थान के पारंपरिक 'स्ट्रिंग पपेट' को कठपुतली के रूप में जाना जाता है।
- कठपुतली राजस्थान की पारंपरिक रस्सी से बँधी हुई कठपुतली है।
- कठपुतली शब्द में 'काठ' का अर्थ लकड़ी और 'पुतली' का अर्थ गुड़िया होता है।
- कठपुतलियों को पारंपरिक राज–स्थानी पोशाक पहनाई जाती है।
- कठपुतलियों की अनूठी विशेषता यह है कि उनके पैर नहीं हैं।
- कठपुतलियों को यक्षगान चरित्र पर डिजाइन किया गया है।
- नियंत्रित करने के लिए एक से अधिक कठपुतली का उपयोग है।
- यक्षगान कर्नाटक का पारंपरिक रंगमंच है।
- यह छड़ी और रस्सी से बँधी हुई कठपुतली का एक संयोजन है।

**7.** केरल का पारंपरिक दस्ताने वाला कठपुतली शो' कौन–सा है?

(A) गोम्बेयट्टा (B) कुंधेई
(C) पावकुथु (D) यमपुरी

**7.** (C)
- केरल का पारम्परिक दस्ताने वाला कठपुतली शो 'पावकुथु' है।
- केरल का राजकीय त्योहार ओणम को माना जाता है।
- केरल की शास्त्रीय नृत्य कला शैली 'कथकली' है। मोहिनीअट्टम केरल का एक प्रसिद्ध और कामुक शास्त्रीय नृत्य है, जिसे 'मोहिनीअट्टम' कहा जाता है।

**8.** भीमबेटका गुफाओं की प्रागैतिहासिक शैल–चित्रकारी किस राज्य में स्थित है ?

(A) असम (B) महाराष्ट्र
(C) कर्नाटक (D) मध्य प्रदेश

**8.** (D) विकल्प (D) सही होगा।
भीमबेटका भारत के मध्य प्रदेश राज्य के रायसेन जिला में स्थित एक पुरापाषाणिक आवासीय शैल–चित्रकारी युक्त पुरास्थल है।

**9.** निम्न में से कौन जोड़ा गलत है?

(A) भरतनाट्यम-तमिलनाडु
(B) कथकली-कर्नाटक
(C) ओडिसी-ओडिशा
(D) कुचीपुड़ी-आंध्र प्रदेश

**9.** (B)
- कथकली कर्नाटक का नहीं, वरन् केरल की प्रमुख नृत्य शैली है। इस शैली में नृत्य एवं संगीत का अनोखा मिश्रण होता है। इसके प्रमुख कलाकार कृष्णन कुट्टी, शंकर कुरूप, शान्ताराव, शंकरेन आदि हैं।

**10.** गुप्तकाल में बौद्ध धर्म की चित्रकारी का सबसे अच्छा नमूना कहाँ से मिलता है?

(A) अजंता चित्रकारी
(B) साँची स्तूप
(C) एलोरा चित्रकारी
(D) उपर्युक्त सभी

**10.** (A)
- अजंता की चित्रकारी गुप्तकाल में बौद्ध धर्म की चित्रकारी का सबसे अच्छे नमूने का उदाहरण है। इन गुफाओं का मुख्य आकर्षण भित्ति चित्रकारी है। इन चित्रों में बौद्ध धार्मिक आख्यानों और देवताओं का जितनी प्रचुरता और जीवंतता के साथ चित्रण किया गया है। वह भारतीय कला के क्षेत्र में अद्वितीय है।

**11.** अल्लारखा किस वाद्य से संबंधित हैं?

(A) शहनाई (B) बांसुरी
(C) तबला (D) सरोद

**11.** (C)
- अल्लारखा खाँ (जन्म 29 अप्रैल, 1919, मृत्यु 03 फरवरी, 2000) सुविख्यात तबला वादक तथा सर्वश्रेष्ठ एकल संगीत वादक थे। कुरैशी अल्लारखा खाँ को संगीत के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सन् 1977 ई. में पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया गया था।

**12.** वो कौन-सी पहली मुगल इमारत है जो शुद्ध संगमरमर से बनी है?

(A) ताजमहल
(B) बुलंद दरवाजा
(C) बीरबल का महल
(D) शेख सलीम चिश्ती की दरगाह

**12.** (D)
- शेख सलीम चिश्ती की दरगाह प्रथम मुगल इमारत है जो शुद्ध संगमरमर के द्वारा निर्मित हुई है। यह दरगाह फतेहपुर सीकरी में अकबर द्वारा बनवायी गई थी। इस मकबरे को पूरी तरह से संगमरमर में तब्दील करने का श्रेय जहाँगीर को है। नूरजहाँ द्वारा बनवाया गया। एतामद्दौला का मकबरा भी प्रथम पूर्णतः संगमरमर से बनी इमारत थी।

**13.** निम्न में से किस वास्तुकार ने राजा बिम्बिसार के महल को बनाया?

(A) उदयिन (B) कालाशोक
(C) शुद्धोधन (D) महागोविन्द

**13.** (D)
- बिम्बिसार के महल का निर्माण वास्तुकार महागोविन्द द्वारा करवाया गया था। बिम्बिसार मगध साम्राज्य के वास्तविक संस्थापक थे। उन्होंने गिरिवज्र (राजगीर) को अपनी राजधानी बनाया था। बिम्बिसार का यह महल उसकी राजधानी गिरिवज्र के बीचों-बीच स्थित था।

**14.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म कुम्भ मेला पर्व और उसके समय अन्तराल के बीच सुमेलित नहीं है?

(A) अर्द्ध कुंभ : प्रति छः वर्ष
(B) कुंभ मेला : हर दूसरे वर्ष
(C) कुंभ : प्रति बारह वर्ष
(D) महाकुंभ : प्रति 144 वर्ष

**14.** (B)
- अर्द्ध कुंभ मेला प्रति 6 वर्ष पर आयोजित किया जाता है। कुंभ मेला प्रति 12 वर्ष के अंतराल पर आयोजित किया जाता है तथा महाकुंभ प्रति 144 वर्ष के अन्तराल पर आयोजित होता है। भारत में कुल चार स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन होता है—(i) प्रयाग, (ii) हरिद्वार, (iii) नासिक, (iv) उज्जैन। अतः कूट (B) सही सुमेलित नहीं है।

अध्याय

**1**

# अंग्रेजी वर्णमाला परीक्षण

**1.** "MATURITY" शब्द के अक्षरों का उपयोग करके इनमें से कौन-सा अर्थपूर्ण शब्द बनाया जा सकता है ?

(A) NATURAL

(B) ARMATURE

(C) ATRIUM

(D) RITUAL

**उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) 20 दिसम्बर, 2020 (प्रथम पाली)**

**1.** (C) MATURITY → ATRIUM

दिये गये शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके "ATRIUM' शब्द बनाया जा सकता है।

**2.** "CEMIRUOQ" अक्षरों के सेट में आए स्वरों को उसके अगले स्वरों के साथ और व्यंजनों को उसके अगले व्यंजनों के साथ बदल दिए जाते हैं। उन सभी को उसी क्रम में रखकर और फिर आखिर में एक अक्षर 'S' जोड़कर एक शब्द बनाया जाता है। इस प्रकार बनने वाला शब्द कौन-सा होगा?

(A) DINOSAURS

(B) DONKEYS

(C) ELEPHANTS

(D) EAGLES

**उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) 20 दिसम्बर, 2020 (द्वितीय पाली)**

**2.** (A)

C E M I R U O Q
(+1 ↓ ↓ +1 ↓ ↓ +1 ↓ ↓ ↓ +1 ↓)
D I N O S A U R

प्रश्नानुसार, अक्षरों के सेट में परिवर्तन करने के बाद उसके आखिर में एक अक्षर S जोड़ने पर शब्द "DINOSAURS' बनेगा।

**3.** नीचे दी गई अक्षरों की शृंखला में, दायीं ओर से चौथे अक्षर और बायीं ओर से चौथे अक्षर के बीच कितने अक्षर हैं?

ABDCKLMRVGFNOWQSTUVP

(A) 6 (B) 8

(C) 12 (D) 14

**उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) 20 दिसम्बर, 2020 (द्वितीय पाली)**

**3.** (C) दी गई शृंखला :

A B D C K L M R V G F N O W Q S T U V P

बायें से चौथा ↑ —— 12 अक्षर —— ↑ दायें से चौथा

अतः बायें से चौथे अक्षर C और दायें से चौथे अक्षर T के बीच 12 अक्षर हैं।

**4.** विकल्पों में दिए गए शब्दों में से कौन-सा शब्द D, E, N, A, I, T अक्षरों में से किसी भी अक्षर का कितने भी बार उपयोग करके बनाया जा सकता है?

(A) DETAINED (B) DETERMINE

(C) DETENTION (D) DEFENDING

**उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) 19 दिसम्बर, 2020 (प्रथम पाली)**

**4.** (A) शब्द "DETAINED' में प्रश्न में दिये गये सभी अक्षर शामिल हैं। अतः दिये गये अक्षरों के प्रयोग से 'DETAINED' शब्द बनाया जा सकता है।

**5.** नीचे दी गई अक्षरों की शृंखला में, बायीं ओर से तीसरे अक्षर और दायीं ओर से चौथे अक्षर के बीच में कितने अक्षर हैं?

A H K L M N O P Q G S Z N T U V

(A) 9 (B) 8

(C) 7 (D) 6

**उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) 19 दिसम्बर, 2020 (प्रथम पाली)**

**5.** (A)

A H K L M N O P Q G S Z N T U V

बायें से तीसरा ↑ —— ↑ दाये से चौथा

बायें से तीसरे अक्षर K और दायें से चौथे अक्षर N के बीच 9 अक्षर है।

**6.** "NATIONAL" शब्द के कुछ अक्षरो का प्रयोग करके एक जानवर का नाम बनता है। इस प्रकार बनने वाले जानवर का नाम कौन–सा है ?

(A) LOON (B) KOEL

(C) LION (D) DEER

**उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) 19 दिसम्बर, 2020 (द्वितीय पाली)**

**6.** (C) NATIONAL → LION (शेर)

**7.** दी गई अक्षरों की शृंखला में, कौन–सा अक्षर दायीं ओर से तीसरे अक्षर के बायीं ओर 7वाँ है?

A B C F G H K D M I L F N

(A) G (B) H

(C) F (D) K

**उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) 19 दिसम्बर, 2020 (द्वितीय पाली)**

**7.** (C)

के बायें 7वीं

A B C F G H K D M I L F N

दायें से तीसरा

दायें से तीसरा अक्षर L के बायें 7वाँ अक्षर F है।

**8.** "FLAMBOYANT" शब्द के अक्षरों द्वारा कौन से शब्द का गठन नहीं किया जा सकता है?

(A) LAMB (B) BOUT

(C) MOAN (D) BOAT

**उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा 27-01-2019 (प्रथम पाली)**

**8.** (B) 'BOUT' शब्द दिये गये शब्द 'FLAM BOYANT' से नहीं बनाया जा सकता है, क्योंकि दिये गये शब्द में 'U' का प्रयोग नहीं हुआ है।

**9.** निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द के अक्षर अंग्रेजी वर्णमाला क्रमानुसार हैं ?

(A) Shade (B) Heart

(C) Billow (D) Charge

**उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा 27-01-2019 (प्रथम पाली)**

**9.** (C)

| अक्षर | B | I | L | O | W |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्णमाला में क्रमांक | 2 | 9 | 12 | 15 | 23 |

अतः स्पष्ट है कि 'Billow' शब्द के सभी अक्षर अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार क्रम में हैं।

**10.** निम्नलिखित शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश के क्रमानुसार रखें और उस शब्द को चुनें जो सबसे पहले आएगा—

refocus; refinery; reflexes; reflector

(A) refocus (B) refinery

(C) reflector (D) reflexes

**उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा**

**27-01-2019 (प्रथम पाली)**

**10.** (B)

r e f o c u s → 4

r e f i nery → 1

r e f l e x es → 3

r e f l e ctor → 2

अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार 'refinary' शब्द सबसे पहले आयेगा।

**11.** निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द के अक्षर अंग्रेजी वर्णमाला क्रमानुसार हैं ?

(A) Believe (B) Cease

(C) Beefy (D) Aerious

**उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा**

**27-01-2019 (द्वितीय पाली)**

**11.** (C) 'Beefy' शब्द के सभी अक्षर अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार क्रम में हैं।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B | e | l | i | e | v | e | |
| 2 | 5 | 12 | 9 | 5 | 22 | 5 | |
| B | e | e | f | y | | | |
| 2 | 5 | 5 | 6 | 25 | | | |
| C | e | a | s | e | | | |
| 3 | 5 | 1 | 19 | 5 | | | |
| A | e | r | i | o | u | s | |
| 1 | 5 | 18 | 9 | 15 | 21 | 19 | |

**12.** "NIGHTINGALE" शब्द के अक्षरों द्वारा कौन से शब्द का गठन नहीं किया जा सकता है?

(A) Light (B) Thing

(C) Angle (D) Eagle

**उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा**

**27-01-2019 (द्वितीय पाली)**

**12.** (D) दिये गये शब्द 'NIGHTINGALE' में 'E' का प्रयोग केवल एक बार हुआ है, जबकि 'EAGLE' में E का प्रयोग दो बार हुआ है। अतः 'EAGLE' शब्द दिये गये शब्द के अक्षरों से नहीं बनाया जा सकता है।

**13.** निम्नलिखित शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश के क्रमानुसार रखें और उस शब्द को चुनें, जो सबसे पहले आएगा।

pocket; podium; plutonic; poacher

(A) plutonic (B) pocket

(C) podium (D) poacher

**उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा**

**27-01-2019 (द्वितीय पाली)**

**13.** (A) शब्दों को शब्दकोष के अनुसार क्रम में रखने पर

Plutonic > Poacher > Pocket > Podium

(1) (2) (3) (4)

**14.** निम्नलिखित शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश के क्रमानुसार रखें और उस शब्द को चुनें जो सबसे पहले आएगा।

Voyages, Voucher, Volunteer, Voltmeter

(A) Voyages (B) Voucher

(C) Volunteer (D) Voltmeter

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 28-01-2019 (प्रातः काल)]**

**14.** (D) अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर Voltmeter सबसे पहले आएगा।

**15.** दी गयी श्रेणी में एक शब्द लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनिए जो श्रेणी को पूर्ण करता हो।

Ethnic, Icebox, Oxen, Entice, ?

(A) Chronic (B) Obscene

(C) Century (D) Forgetful

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 28-01-2019 (प्रातः काल)]**

**15.** (C) दी गई शब्द शृंखला का क्रम निम्न है–

Ithnic Icebox Oxen Entice [Century]

**16.** निम्नलिखित शब्दों में से कौन शब्द के अक्षर वर्णमाला क्रमानुसार नहीं हैं ?

(A) Blank (B) Allow

(C) Empty (D) Begin

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 28-01-2019 (प्रातः काल)]**

**16.** (A) शब्द Blank के अक्षर वर्णमाला क्रमानुसार नहीं हैं। अन्य तीनों विकल्प के अक्षर वर्णमाला के क्रमानुसार हैं।

**17.** निम्नलिखित शब्दों में से कौन–सा शब्द ydcinratori अक्षरों से बनाया जा सकता है ?

(A) Dictionary (B) Directory

(C) Direction (D) Doctrine

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 28-01-2019 (प्रातः काल)]**

**17.** (A) शब्द ydcinratori के अक्षरों से Dictionary शब्द बनाया जा सकता है, जबकि इसके अक्षरों से अन्य तीनों शब्द नहीं बनाये जा सकते, क्योंकि मूल शब्द में *e* अक्षर नहीं है।

**18.** निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द के स्वर अंग्रेजी वर्णमाला क्रमानुसार नहीं हैं?

(A) Aerious (B) Materious

(C) Imperious (D) Facetious

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 28-01-2019 (सायं काल)]**

**18.** (C) अंग्रेजी वर्णमाला में स्वरों का क्रम = a, e, i, o, u

अतः दिये गये शब्दों में Imperious के स्वर अंग्रेजी वर्णमाला क्रमानुसार नहीं है।

**19.** " CARABINER" शब्द के अक्षरों द्वारा कौन–सा शब्द गठित नहीं किया जा सकता?

(A) Crab (B) Nine

(C) Bare (D) Rice

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 28-01-2019 (सायं काल)]**

**19.** (B) दिए गए शब्द "CARABINER" शब्द के अक्षरों से शब्द Nine नहीं बनाया जा सकता, क्योंकि मूलशब्द में 'N' दो बार नहीं आया है।

**20.** निम्नलिखित शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश के क्रमानुसार रखें और उस शब्द को चुनें जो सबसे पहले आएगा।

Preview, pretence; previous; prettier

(A) preview (B) prettier

(C) previous (D) pretence

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 28-01-2019 (सायं काल)]**

**20.** (D) शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश के क्रमानुसार व्यवस्थित करने पर सबसे पहले Pretence शब्द आएगा।

1. pretence 2. prettier 3. preview 4. previous

**21.** दी गई श्रेणी में एक शब्द लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनिए, जो श्रेणी को पूर्ण करता हो।

Retina, National, Algebra, Radiator, ?

(A) Apparel (B) Millitary

(C) Ordinary (D) Barometer

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 28-01-2019 (सायं काल)]**

**21.** (C) दी गई शृंखलाः Retina, National, Algebra, Radiator, ?

Retina, National, Algebra, Radiator, [Ordinary]

**22.** दिए गए शब्द में अक्षरों के ऐसे कितने जोड़े हैं जिनमें उनके बीच उतने ही अक्षर हैं जितने कि अंग्रेजी वर्णमाला में उनके बीच हैं ?

PARCEL

(A) तीन (B) दो

(C) चार (D) एक

**उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा**

**26-10-2018 (प्रथम पाली)**

**22.** (B)

16 1 18 3 5 12

PARCEL

दो युग्म PR तथा AC हैं।

**23.** जब SWITCH शब्द के अक्षरों को वर्णमाला के क्रम में लगाया जाए तब कितने अक्षरों के स्थान अपरिवर्तित रहेंगे ?

(A) तीन (B) चार

(C) एक (D) दो

**उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा**

**26-10-2018 (प्रथम पाली)**

**23.** (C)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 19 | 23 | 9 | 20 | 3 | 8 |
| S | W | I | T | C | H |
| C | H | I | S | T | W |

केवल एक अक्षर I का स्थान परिवर्तित नहीं होगा।

**24.** RAINBOW शब्द के अक्षरों को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित करने के बाद इस शब्द में कितने अक्षरों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी ?

(A) एक (B) तीन

(C) चार (D) दो

**उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा**

**26-10-2018 (द्वितीय पाली)**

**24.** (B)

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | 1 | 9 | 14 | 2 | 15 | 23 |
| R | A | I | N | B | O | W |
| A | B | I | N | O | R | W |

तीन अक्षर I, N तथा W की स्थिति वही रहेगी।

**25.** यह बताएँ कि दिए गए शब्द में अक्षरों के ऐसे कितने जोड़े हैं, जितने कि उस शब्द के साथ-साथ अंग्रेजी वर्णमाला में भी उन दोनों के बीच में आते हैं।

RUST

(A) एक (B) दो

(C) तीन (D) चार

**उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा**

**26-10-2018 (द्वितीय पाली)**

**25.** (A) R U S T

केवल एक युग्म ST बनेगा।

**26.** यह बताएँ कि दिए गए शब्द में अक्षरों के ऐसे कितने जोड़े हैं, जितने कि उस शब्द के साथ–साथ अंग्रेजी वर्णमाला में भी उन दोनों के बीच में आते हैं।

FIRST

(A) दो (B) तीन

(C) एक (D) चार

**उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा**

**25-10-2018**

**26.** (B) F I R S T

तीन जोड़े RS, ST तथा RT हैं।

**27.** 'PANTRY' शब्द के अक्षरों को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित करने के बाद इस शब्द में कितने अक्षरों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी ?

(A) दो (B) चार

(C) एक (D) तीन

**उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा**

**25-10-2018**

**27.** (C)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| P | A | N | T | R | Y |
| A | N | P | R | T | Y |
| 1 | 14 | 16 | 18 | 20 | 25 |

केवल एक अक्षर Y की स्थिति वही रहेगी।

**28.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला में A की जगह 2, B की जगह 1, C की जगह 4, D की जगह 3, E की जगह 6 और F की जगह 5 लिखा जाए तथा आगे भी ऐसा ही लिखा जाए, तो M के स्थान पर क्या लिखा जाएगा?

(A) 13 (B) 15

(C) 14 (D) 16

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल, 2014]**

**28.** (C) प्रश्नानुसार,

जिस प्रकार,

$A \Rightarrow 1 + 1 = 2$ $B \Rightarrow 2 - 1 = 1$

$C \Rightarrow 3 + 1 = 4$ $D \Rightarrow 4 - 1 = 3$

$E \Rightarrow 5 + 1 = 6$

इसी प्रकार,

$M \Rightarrow 13 + 1 = 14$

अतः विकल्प (C) सही है।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 29 से 31 तक)**

यदि अंग्रेजी वर्णमाला के प्रथम अर्द्धांश को विपरीत क्रम में और द्वितीय अर्द्धांश को वास्तविक रूप में छोड़ दिया जाए, तो इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल, 2014]**

**29.** प्रथम अर्द्धांश का वह अक्षर जिसका स्थान परिवर्तन नहीं होगा–

(A) M (B) E

(C) L (D) G

**30.** दाएँ से सातवें अक्षर के बाएँ ग्यारहवाँ अक्षर कौन-सा होगा?

(A) I (B) H

(C) F (D) E

**31.** बाएँ से ग्यारहवें अक्षर के दाएँ सातवाँ अक्षर कौन-सा होगा?

(A) S (B) H

(C) F (D) E

**प्रश्न संख्या 29 से 34 तक के हल हेतू–**

MLKJIHGFEDCBANOPQRSTUVWXYZ

बाएँ से → ← दाएँ से

**29.** (A) अक्षर G का प्रथम अर्द्धांश में दोनों तरफ से स्थान समान रहेगा।

**30.** (D) दाएँ से सातवें अक्षर के बाएँ ग्यारहवाँ अक्षर = E

**31.** (*) बाएँ से ग्यारहवें अक्षर के दाएँ सातवाँ अक्षर = R

जो विकल्प में नहीं दिया गया है।

**32.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला शृंखला के B से आरम्भ करते हुए प्रत्येक दूसरे अक्षर को छोटे अक्षरों में लिखा जाता है, बाकी सभी को बड़े अक्षरों में लिखा जाता है, तो शब्द 'Fantastic' को कैसे लिखा जाएगा ?

(A) fAnTAsTiC (B) FAntAstic

(C) fAntAStiC (D) faNTaSTIC

**32.** (C) अंग्रेजी वर्णमाला के B से शुरू करते प्रत्येक दूसरा अक्षर अर्थात् सम स्थान पर आने वाले अक्षरों को छोटे अक्षरों से लिखा जाता है और बाकी सभी अक्षरों को बड़े अक्षर से लिखा जाता है, तो

अंग्रेजी वर्णमाला में स्थान

| अंग्रेजी | F | a | n | t | a | s | t | i | c |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्णमाला में स्थान | 6 | 1 | 14 | 20 | 1 | 19 | 20 | 9 | 3 |

शर्तानुसार, fAntAStIC

**33.** एक देश के नाम के अक्षर हैं K, U, Y, E, T और R। यदि अक्षरों को ठीक प्रकार से पुनर्व्यवस्थित किया जाता है तो, गठित शब्द का पाँचवाँ अक्षर क्या होगा ?

(A) E (B) R

(C) U (D) K

**33.** (A) TURKEY

अतः पाँचवाँ अक्षर E होगा।

**34.** एक फल के नाम के अक्षर C, T, P, I, A, R और O हैं। यदि अक्षरों को सही ढंग से पुनर्व्यवस्थित किया जाता है, तो निर्मित शब्द का दूसरा अक्षर क्या है?

(A) A (B) T

(C) P (D) R

**34.** (C) C, T, P, I, A, R, O से बना शब्द

APRICOT – खुबानी

अतः दूसरा अक्षर P है।

**35.** यदि DEGENERATION शब्द के बाएँ छोर से प्रत्येक एकान्तर अक्षर छोटे अक्षरों में लिखे गए हैं, बाकी सभी बड़े अक्षरों में लिखे गए हैं, इस प्रकार बने नए शब्द को वर्णानुक्रम के अनुसार व्यवस्थित किया गया है, तो कौन–सा अक्षर बाएँ से दूसरे अक्षर के दाईं ओर पाँचवाँ अक्षर होगा?

(A) E (B) O

(C) N (D) I

**35.** (D) DEGENERATION शब्द के बाएँ छोर से प्रत्येक एकान्तर अक्षर छोटे आहार में लिखे जाते हैं और बाकी सभी अक्षर बड़े अक्षरों में लिखे गये हैं। तो—

d E g E n E r A t I o N

वर्णानुक्रम में लिखने पर—

A d E E E g I n N o r t

बाएँ से

अतः बाएँ से दूसरे अक्षर के दाईं ओर पाँचवाँ अक्षर

= बाएँ से (2 + 5)वाँ अक्षर

= बाएँ से 7वाँ आहार

= I

**36.** निम्न प्रश्न में दिए गए वर्णमाला के आधार पर उत्तर दीजिए :

A, B, C, D, E, F, G, H, I, J, K, L, M, N, O, P, Q, R, S, T, U, V, W, X, Y, Z

यदि PRODUCTIVE शब्द के अक्षर जो अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों के आधार पर विषम संख्या के अक्षर हैं और अब उन्हें चुनकर बायीं ओर से वर्णमाला के क्रम में सजाया जाता हैं और उन्हें फिर बायीं ओर से Z, Y, X से और आगे बदला जाता है, तो W किस अक्षर को बदलेगा ?

(A) W से कोई भी अक्षर नहीं बदला जाएगा

(B) O

(C) E

(D) T

**36.** (B) P R O D U C T I V E

O = 15, U = 21, C = 3, I = 9, E = 5

क्रम से लगाने पर,

C E I O U

Z Y X W V

XYZ के क्रम में बदलने पर,

= W, O के स्थान पर होगा।

❑❑

# अध्याय 1

# संख्या पद्धति

**1.** यदि 'p' एक पूर्णांक हैं, तो "p" का सबसे छोटा संभावित मान क्या होगा जहाँ "$p^2 \times 156 \times 135$", 14 से विभाज्य है?

(A) 14 (B) 7
(C) 6 (D) 2

**उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) 20 दिसम्बर, 2020 (द्वितीय पाली)**

**1.** (B) $P^2 \times 156 \times 135$, 14 से विभाज्य है, तो P का सबसे छोटा संभावित मान 7 होगा।

**2.** $19^{144}$ का यूनिट या इकाई अंक क्या है?

(A) 8 (B) 4
(C) 1 (D) 6

**उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) 19 दिसम्बर, 2020 (प्रथम पाली)**

**2.** (C) $19^{144}$

144 को 4 से भाग देने पर

$\frac{144}{4}$ = शेषफल (0)

अतः $(19)^o = 1$

**3.** निम्नलिखित में से कौन एक अपरिमेय संख्या है?

(A) $\sqrt{\frac{12}{3}}$ (B) $\sqrt{\frac{4}{25}}$
(C) $\sqrt{\frac{20}{4}}$ (D) $\sqrt{\frac{63}{28}}$

**उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) 19 दिसम्बर, 2020 (द्वितीय पाली)**

**3.** (C) (A) $\frac{\sqrt{12}}{\sqrt{3}} = \sqrt{\frac{12}{3}} = \sqrt{4} = 2$ (परिमेय)

(B) $\frac{\sqrt{4}}{\sqrt{25}} = \frac{2}{5}$ (परिमेय)

(C) $\frac{\sqrt{20}}{\sqrt{4}} = \sqrt{\frac{20}{4}} = \sqrt{5}$ (अपरिमेय)

(D) $\sqrt{\frac{63}{28}} = \sqrt{\frac{9}{4}} = \frac{3}{2}$ (परिमेय)

**4.** 11 से विभाजित होने वाली सबसे छोटी 4 अंकों वाली संख्या के अंकों के योग और 13 से विभाजित होने वाली सबसे छोटी 4 अंकों वाले संख्या के अंकों के योग का गुणनफल ज्ञात करें–

(A) 1 (B) 2
(C) 4 (D) 6

**उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा 27-01-2019 (प्रथम पाली)**

**4.** (C) 11 से विभाजित सबसे छोटी 4 अंकों वाली संख्या = 1001

∴ अंकों का योग, $S_1 = 1+0+0+1 = 2$

13 से विभाजित सबसे छोटी 4 अंकों वाली संख्या = 1001

∴ अंकों का योग, $S_2 = 1+0+0+1 = 2$

प्रश्न से,

$S_1 \times S_2 = 2 \times 2 = 4$

**5.** 13 से विभाजित होने वाली सबसे छोटी 3 अंकीय संख्या को 16 से विभाजित किया गया है। शेषफल ज्ञात करें–

(A) 4 (B) 5
(C) 6 (D) 8

**उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा 27-01-2019 (प्रथम पाली)**

**5.** (D) 13 से विभाजित 3-अंकीय (सबसे छोटी) संख्या = 104

∵ $104 = 16 \times 6 + 8$ (शेषफल)

अतः अभीष्ट शेषफल = 8

**6.** 6 से विभाजित सबसे छोटी 4 अंकों वाली संख्या के अंकों के योग और 11 से विभाजित सबसे छोटी 5 अंकों वाली संख्या के योग का गुणनफल ज्ञात करें।

(A) 4 (B) 5
(C) 6 (D) 7

**उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा 27-01-2019 (द्वितीय पाली)**

**6.** (C) सबसे छोटी 4-अंकों की संख्या = 1000

∵ $1000 = 166 \times 6 + 4$

यदि शेषफल में 2 जोड़ दिया जाए तो, वह 6 से पूर्णतः विभाजित हो जाएगी।

अतः 6 से विभाजित 4-अंकों की सबसे छोटी संख्या = 1002

इसके अंकों का योगफल,

$S_1 = 1 + 0 + 0 + 2 = 3$

अब सबसे छोटी 5-अंकों की संख्या = 10000

∵ $10000 = 909 \times 11 + 1$

यदि शेषफल में 10 जोड़ दिया जाए, तो वह 11 से पूर्णतः विभाजित हो जाएगी।

अतः 11 से विभाजित 5-अंकों की सबसे छोटी संख्या = 10010

इसके अंकों का योगफल,

$S_2 = 1 + 0 + 0 + 1 + 0 = 2$

प्रश्न से,

$S_1 \times S_2 = 3 \times 2 = 6$

**7.** सबसे बड़ी 5 अंकों की संख्या और सबसे छोटी 4 अंकों की संख्या के बीच का अंतर ज्ञात करें।

(A) 99,899 (B) 99,989
(C) 98,999 (D) 89,999

**उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा 27-01-2019 (द्वितीय पाली)**

**7.** (C) प्रश्न से,

99999 – 1000 = 98999

**8.** X के पास बैंक खाते में ₹ 100.82 का शेष है, ₹74.35 जमा करने और ₹50.17 निकालने के बाद वह अपने बैंक बैलेंस के साथ ₹5 के कितने चॉकलेट खरीद सकता है ?

(A) 23 (B) 24
(C) 25 (D) 26

**उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा 27-01-2019 (द्वितीय पाली)**

**8.** (C) X के पास बैंक बैलेंस

= 100·82 + 74·35 – 50·17 = 125

अतः ₹ 5 वाली चॉकलेटों की संख्या $= \frac{125}{5} = 25$

**9.** निम्नलिखित में से कौन–सा न्यूनतम 2 पूर्णांकों का योग है, जिसका गुणनफल 64 है?

(A) 12 (B) 8
(C) 20 (D) 16

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 28-01-2019 (प्रातः काल)]**

**9.** (D) $64 = 8 \times 8$

अभीष्ट योगफल = 8 + 8 = 16

**10.** वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात करें जिसके द्वारा 1200 को एक पूर्ण वर्ग बनाने के लिए गुणा किया जाना चाहिए।

(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 5

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 28-01-2019 (प्रातः काल)]**

**10.** (B) 1200 = (20)2 × 3
अतः, अभीष्ट संख्या = 3

**11.** 3 अंकों की एक संख्या ABC है, जिसमें A सौवें, स्थान पर, B दसवें स्थान पर तथा C इकाई के स्थान पर है। इस संख्या को ABCABC रूप में पुनः लिखा गया तथा इसे 7, 11 और 13 के लघुत्तम समापवर्त्य से विभाजित किया गया। परिणाम क्या होगा?
(A) ABC (B) CBA
(C) BCA (D) AAB

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 28-01-2019 (सायं काल)]**

**11.** (A) मान लीजिए, ABC = 123
अभीष्ट परिणाम
$= \frac{ABCABC}{7,11,13 \text{ का ल.स.प.}} = \frac{123123}{1001}$
= 123 = ABC

**12.** एक 5 अंकों की संख्या 247x8, 44 से विभाजित होती है। कौन–सा अंक x को प्रतिस्थापित कर सकता है?
(A) 1 (B) 2
(C) 3 (D) 4

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 28-01-2019 (सायं काल)]**

**12.** (B) संख्या 247x8, 44(4 × 11) से विभाजित है।
तब, (विषम स्थानों के अंकों का योग)– (सम स्थानों के अंकों का योग) = 11
$(8 + 7 + 2) - (x + 4) = 11$
$17 - x - 4 = 11$
$x = 2$

**13.** दो कुर्सियाँ और एक मेज ₹ 170 में खरीदी जा सकती हैं। पाँच कुर्सियाँ और चार मेजें ₹ 530 में खरीदी जा सकती हैं। एक कुर्सी की लागत ज्ञात करें।
(A) ₹ 40 (B) ₹ 50
(C) ₹ 60 (D) ₹ 70

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 28-01-2019 (सायं काल)]**

**13.** (B) माना, एक कुर्सी का लागत मूल्य = ₹ $x$
और एक मेज का लागत मूल्य = ₹ $y$
प्रश्नानुसार,
$2x + y = 170$ ...(i)
$5x + 4y = 530$ ...(ii)
समीकरण (i) × 4 – (ii) करने पर,
$3x = 150$
$\Rightarrow x =$ ₹ 50
अतः एक कुर्सी का लागत मूल्य ₹ 50 है।

**14.** X के पास बैंक खाते में ₹ 90.53 का शेष है। ₹ 67.14 जमा करने और ₹ 70.16 की निकासी के बाद शेष राशि क्या होगी?
(A) ₹ 86.51 (B) ₹ 87.51
(C) ₹ 78.51 (D) ₹ 79.51

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 28-01-2019 (सायं काल)]**

**14.** (B) शेष राशि = 90.53 + 67.14 – 70.16
= 157.67 – 70.16 = ₹ 87.51

**15.** निम्न में से कौन-सी अभाज्य संख्या नहीं है?
(A) 1001 (B) 1301
(C) 1601 (D) 1901

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 19-06-2018 (प्रातः काल)]**

**15.** (A) संख्या 1001 अभाज्य संख्या नहीं है। यह 11 से विभाजित है इसलिए यह एक भाज्य संख्या है।

**16.** नीचे दी गई संख्याओं में से कौन-सी संख्या 24 से पूरी तरह विभाजित करने योग्य है ?
(A) 14744 (B) 28856
(C) 43976 (D) 57528

**उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा 26-10-2018 (द्वितीय पाली)**

**16.** (D) 57528, संख्या 24 से पूर्णतः विभाजित है।

**17.** $\frac{840}{x}$ और $\frac{960}{x}$ दोनों धनात्मक पूर्णांक हैं, और इसलिए $x$ भी है। $x$ का अधिकतम संभव मान क्या है ?
(A) 140 (B) 210
(C) 120 (D) 240

**उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा 25-10-2018**

**17.** (C) $x$ का अधिकतम सम्भव मान = 120

**18.** नीचे दी गयी कौन–सी संख्या 12 से पूर्णतः विभाज्य है ?
(A) 14744 (B) 28856
(C) 43976 (D) 57228

**उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा 25-10-2018**

**18.** (D) $\frac{57228}{12} = 4769$
∴ संख्या 57228, 12 से पूर्णतः विभाज्य है।

**19.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प भाज्य संख्या (कॉम्पोजिट नम्बर) नहीं है ?
(A) 133 (B) 433
(C) 533 (D) 833

**उत्तर प्रदेश पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा 19-06-2018**

**19.** (B) चूँकि 433 केवल 1 तथा स्वयं से पूर्णतया विभाजित है। अतः यह भाज्य संख्या नहीं है।

**20.** समीकरण को हल करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प को चुनें।
90 ÷ 6 × (24 – 8 ÷ 4) ÷ 3 = ?
(A) 18 (B) 20
(C) $11\frac{1}{4}$ (D) 16

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 19-06-2018 (प्रातः काल)]**

**20.** (B) **नोट**–UP Police आयोग द्वारा इस प्रश्न का हल इस प्रकार किया गया है–
90 ÷ 6 (24 – 8 ÷ 4) ÷ 3 = ?
$= 15 \times \frac{16}{4} \div 3 = 20$
नोट : इस प्रश्न को BODMAS नियम से हल नहीं किया गया है।

**21.** एक परीक्षा में परीक्षार्थी को प्रत्येक सही उत्तर के लिये 5 अंक मिलते हैं तथा प्रत्येक गलत उत्तर के 2 अंक काट लिये जाते हैं। अगर उसने 120 प्रश्नों के उत्तर देकर 285 अंक प्राप्त किए हों, तो उसने कितने प्रश्नों के सही उत्तर दिए?
(A) 60 (B) 65
(C) 75 (D) 85

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल, 2013]**

**21.** (C) माना परीक्षार्थी ने $x$ प्रश्नों के सही उत्तर दिए।
$5x - (120 - x) \times 2 = 285$
$5x - 240 + 2x = 285$
$x = 75$
अतः उसने 75 प्रश्नों के सही उत्तर दिए।

**22.** जब एक धनात्मक संख्या N को 13 से विभाजित किया जाता है तो शेषफल 11 बचता है, यदि 26N को उसी भाजक द्वारा विभाजित किया जाए, तो शेषफल ज्ञात कीजिए।
(A) 0 (B) 8
(C) 3 (D) 10

**22.** (A) यहाँ 26N, 13 से पूर्ण विभाज्य होगी क्योंकि 26N = 13 × 2 × N है। अतः 26 N को 13 से विभाज्य करने पर शून्य (0) शेषफल प्राप्त होगा।

**23.** दो संख्याओं के बीच का अन्तर 4002 है। जब बड़ी संख्या को छोटी संख्या से विभाजित किया जाता है तो भागफल और शेषफल क्रमश: 34 और 9 होता है। बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।
(A) 4223 (B) 4423
(C) 4323 (D) 4123

**23.** (D) माना दो संख्या $x$ और $x + 4002$
भाज्य = भाजक × भागफल + शेषफल
$x + 4002 = x \times 34 + 9$
$33x = 4002 - 9$
$33x = 3993$
$x = 121$
अत: बड़ी संख्या = 121 + 4002
= 4123

**24.** दो संख्याओं के बीच का अन्तर 3820 है। जब बड़ी संख्या को छोटी संख्या से विभाजित किया जाता है तो भागफल तथा शेषफल क्रमशः 32 और 7 है। बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

(A) 3843 (B) 3643
(C) 3943 (D) 3743

**24.** (C) माना दो संख्या $x$ और $x + 3820$ है।
प्रश्नानुसार,
$x + 3820 = x \times 32 + 7$
$31x = 3820 - 7$
$31x = 3813$

**25.** 226644 से किस न्यूनतम संख्या को घटाया जाना चाहिए, जिससे कि प्राप्त संख्या 16 से विभाज्य हो जाए ?

(A) 4 (B) 2
(C) 6 (D) 0

**25.** (A)

```
       14165
   16) 226644
      -16
       66
      -64
        26
       -16
        104
       - 96
          84
        - 80
           4
```

अतः 226644 को 4 से घटाने पर 16 से पूर्णतः विभाजित हो जाएगा।

**26.** किसी संख्या को 11 से विभाजित करने पर शेषफल 3 रहता है। उसी संख्या के वर्ग को 11 से विभाजित करने पर क्या शेषफल रह जाता है?

(A) 7 (B) 5
(C) 9 (D) 11

**26.** (C) मान लीजिए कि संख्या N है।
तब, N = 11Q + 3
(जहाँ, Q कोई प्राकृतिक संख्या है)
गणना को आसान बनाने के लिए, Q = 1 रखिये,
N = 11 × 1 + 3 = 14
$\Rightarrow (N)^2 = (14)^2 = 196 = 11 \times 17 + 9$
जब, $\frac{196}{11}$
तब, भागफल = 17, शेषफल = 9
∴ शेषफल 9 है, जब उस संख्या का वर्ग 11 से विभाज्य है।

**27.** 700 तक कितनी संख्याएँ 3 और 5 दोनों से विभाज्य हैं?

(A) 46 (B) 42
(C) 39 (D) 52

**27.** (A) 3 और 5 का LCM 15 है।
700 तक ऐसी संख्याएँ जो 3 और 5 दोनों से विभाज्य हैं = $\frac{700}{15} = 46$

**28.** जब आप 100 से 1000 के बीच गिनती करते हैं, तो अंक 5 कितनी बार आता है?

(A) 282 (B) 280
(C) 284 (D) 286

**28.** (B) 100 से 1000 तक इकाई अंक पर 5 आने के तरीके = 10 × 9 = 90
100 से 1000 तक दहाई अंक पर 5 आने के तरीके = 10 × 9 = 90
100 से 1000 तक सैकड़ा अंक पर 5 आने के तरीके = 100
अतः अभीष्ट संख्या = 100 + 90 + 90
= 280

**29.** 475! में अनुगामी शून्यों की संख्या ज्ञात कीजिए।

(A) 137 (B) 117
(C) 147 (D) 127

**29.** (B) 475! में अनुगामी शून्यों की संख्या
$= \left[\frac{475}{5}\right] + \left[\frac{475}{5^2}\right] + \left[\frac{475}{5^3}\right],$
जहाँ [.] एक अधिकतम पूर्णांक फलन है।
= 95 + 19 + 3
= 117

**30.** 32 × 33 × 34 × 35 × 36 × 37 को 17 से विभाजित करने पर प्राप्त शेषफल ज्ञात कीजिए।

(A) 2 (B) 0
(C) 6 (D) 4

**30.** (B) [32 × 33 × 34 × 35 × 36 × 37]mod17
= [32 mod 17 × 33 mod 17 × 34 mod 17 × 35 mod 17 × 36 mod 17 × 37 mod 17] mod 17
= [(–2) × (–1) × 0 × 1 × 2 × 3]mod17
= 0 mod 17
= 0
अतः शेषफल 0 होगा।

**31.** जब 201202203204205206...260 को 9 से विभाजित किया जाता है, तब शेषफल क्या होगा?

(A) 8 (B) 4
(C) 6 (D) 2

**31.** (C) दी गयी संख्या 9 से तभी विभाजित होगी जब उसके सभी अंकों का योग 9 से पूरी तरह विभाजित होगा।
अतः दी गयी संख्या के अंकों का योग ⇒
⇒ 2 + 2 + 2 + .......... 60 बार
= 2 × 60 = 120
⇒ 0 + 0 + 0 + .......... 00 बार
= 0 × 60 = 00
⇒ 1 + 2 + 3 + 4 + 5 .......... 60
$= \frac{60\,(60+1)}{2} = 30 \times 61 = 1830$
अतः अंकों का कुल योग
= 1830 + 120 + 0
= 1950
1950 में 9 के भाग देने पर शेषफल = 6

**32.** 100 लोगों का इंटरव्यू कर रही एक नाश्ते बनाने वाली धान्य की कंपनी के मार्केट रिसर्च ने पता लगाया कि किसी एक दिन सुबह नाश्ते के लिए, 72 लोगों ने धान्य खाया, 39 लोगों ने अंडे खाए, 75 लोगों ने टोस्ट खाया, 32 लोगों ने धान्य और अंडा, 53 लोगों ने धान्य और टोस्ट, 26 लोगों ने टोस्ट और अंडा खाया। इनमें से 21 ने धान्य, टोस्ट और अंडा खाया। इंटरव्यू किए गए कितने लोगों ने ना ही धान्य, ना टोस्ट और ना ही अंडा खाया?

(A) 6 (B) 2
(C) 4 (D) 5

**32.** (C) कुल संख्या = 100




टोस्ट, अण्डा, धान्य न खाने वालों की कुल संख्या
= 100 – (17 + 5 + 21 + 32 + 11 + 2 + 8)
= 100 – 96 = 4 लोग।

**33.** $56^{283} \times 141^{283} \times 125^{254}$ के अंतिम दो अंक क्या हैं?

(A) 25 (B) 10
(C) 01 (D) 00

**33.** (D) $(56)^{283} \times (2^3)^{283} \times 7^{283}$
$= 2^{849} \times 7^{283}$
$(125)^{254} = (53)^{254}$
$= 5^{762}$
$(141)^{283} = 3^{283} \times 7^{283}$
$(56)^{283} \times (125)^{254} \times (141)^{283}$
$= 2^{849} \times 7^{283} \times 5^{762} \times 3^{283} \times 7^{283}$
$= 2^{849} \times 5^{762} \times 3^{283} \times 7^{566}$

दिए गए संख्या के अन्त में 762 शून्य होगे

अतः अन्तिम दो अंक = 00 होगें।

**34.** 0! + 1! + 2! + 3! ........... + 98! को 5 से भाग देने पर शेषफल क्या होगा?

(A) 2 (B) 5

(C) 3 (D) 4

**34.** (D) 0! + 1! + 2! + 3! + ............... + 98!

= 1 + 1 + 2 + 6 + 24 + ........... (बाकी सभी 5 से पूर्णतः विभाजित होंगे अतः उनका शेषफल '0' होगा)

$= \frac{34}{5}$

$\Rightarrow$ शेषफल 4

**35.** $56^{283}$ के अंतिम दो अंक ज्ञात करें।

(A) 56 (B) 66

(C) 36 (D) 16

**35.** (D) $56^{283} = (2^3 \times 7)^{283}$

$= (23)^{283} \times 7^{283}$

$= 2^{849} \times 7^{283}$

$= (2^{10})^{84} \times 2^9 \times (7^4)^{70} \times 7^3$

$2^{10}$ की अंतिम दो अंक = 24

$2^9$ की अंतिम दो अंक = 12

$7^4$ की अंतिम दो अंक = 01

$7^3$ की अंतिम दो अंक = 43

$56^{283}$ की अंतिम दो अंक $(24)^{84} \times 12 \times (01)^{70} \times 43$

$= 76 \times 12 \times 01 \times 43$

[$\because$ (24) सम के अंतिम दो अंक 76]

$\therefore$ अंतिम दो अंक = 16

❑❑

# अध्याय 1

# हिंदी भाषा का विकास

**1.** किस वर्ष साहित्य अकादमी पुरस्कार नहीं दिया गया ?

(A) सन् 1955 (B) सन् 1962
(C) सन् 1965 (D) सन् 2000

**[उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) (प्रथम पाली) 20.12.2020]**

**1.** (B) साहित्य अकादमी पुरस्कार, सन् 1955 से प्रत्येक वर्ष भारतीय भाषाओं की श्रेष्ठ वकृतियों को दिया जाता है। सन् 1962 में साहित्य अकादमी पुरस्कार नहीं दिया गया। अतः विकल्प (B) सही है।

**2.** सन् 2019 में 'व्यास सम्मान' किसे प्रदान किया गया ?

(A) नासिरा शर्मा (B) लीलाधर जगूड़ी
(C) ममता कालिया (D) नरेन्द्र कोहली

**[उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) (प्रथम पाली) 20.12.2020]**

**2.** (A) 'सन् 2019' का 'व्यास सम्मान' नासिरा शर्मा को उनके प्रसिद्ध उपन्यास 'कागज की नाव' के लिए दिया गया। सन् '2016' का साहित्य अकादमी पुरस्कार उनके उपन्यास 'परिजात' के लिए प्रदान किया गया था। अतः विकल्प (A) सही है।

**3.** 'अवधी बोली' का अन्य नाम है–

(A) कोसली (B) बनाफरी
(C) बैगानी (D) मघेसी

**[उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) (प्रथम पाली) 20.12.2020]**

**3.** (A) अवधी बोली का अन्य नाम 'कोसली' भी है। यह लखनऊ, फतेहपुर, मिर्जापुर, फैजाबाद, प्रतापगढ़, सीतापुर, रायबरेली तथा बारांबकी इत्यादि क्षेत्रों में बोली जाती है। अतः विकल्प (A) सही है।

**4.** 'केंद्रीय हिंदी निदेशालय' की स्थापना कब हुई?

(A) सन् 1973 (B) सन् 1981
(C) सन् 1952 (D) सन् 1960

**[उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा जेल वार्डर, फायरमैन व घुड़सवार (आरक्षी) (द्वितीय पाली) 19.12.2020]**

**4.** (D) केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, नई दिल्ली में स्थित एक सरकारी विभाग है, जो भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन है और मानक हिन्दी के प्रसार के लिए उत्तरदायी है। यह देवनागरी लिपि के उपयोग और हिन्दी वर्तनी का विनियामन भी करता है। अनुच्छेद '351' में हिन्दी भाषा के विकास के लिए '1 मार्च, 1960' को केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय की स्थापना की गई।

**5.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें, जो दिए गए शब्द का सही समान अर्थ वाला शब्द है।

**नाश**

(A) तबाही (B) उत्कर्ष
(C) उत्थान (D) नवीन

**[U.P. पुलिस कांस्टेबल 28-01-2019 (सायं काल)]**

**5.** (A) शब्द '**नाश**' का समानार्थी शब्द है– '**तबाही**' अन्य विकल्पों में प्रयुक्त शब्दों के अर्थ निम्नलिखित हैं।

| **शब्द** | **अर्थ** |
|---|---|
| उत्कर्ष | उन्नति, उत्थान। |
| नवीन | अर्वाचीन, सर्वाधिक। |

**6.** किस रचना के बारे में प्रसिद्ध है कि इसे पढ़ने के लिए बहुत से लोगों ने हिंदी सीखी?

(A) परीक्षागुरु (B) चंद्रकांता
(C) गोदान (D) अद्भुत लाश

**6.** (B) 'चंद्रकांता' देवकी नन्दन खत्री द्वारा रचित एक लोकप्रिय तिलस्मी उपन्यास है, जिसके बारे में कहा जाता है कि इसे पढ़ने के लिए बहुत से लोगों ने हिंदी सीखी। इस पर आधारित एक टी.वी. सीरियल (चन्द्रकांता) भी बना है।

**7.** केंद्र सरकारी कर्मचारियों के हिंदी प्रशिक्षण हेतु गठित केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान किस विभाग के तहत कार्यरत है?

(A) विधायी विभाग
(B) राजभाषा विभाग
(C) साहित्य अकादमी
(D) उच्चतर शिक्षा विभाग

**7.** (B) केंद्र सरकारी कर्मचारियों के हिंदी प्रशिक्षण हेतु गठित केंद्रीय हिंदी संस्थान राजभाषा विभाग के तहत कार्यरत है। अतः विकल्प (B) सही है।

**8.** 'संवेदनात्मक ज्ञान' और 'ज्ञानात्मक संवेदन' सूत्र के प्रयोक्ता हैं–

(A) मनोहर श्याम जोशी
(B) केदार नाथ सिंह
(C) मुक्तिबोध
(D) रमेश कुन्तल मेघ

**8.** (C) 'संवेदनात्मक ज्ञान' और 'ज्ञानात्मक संवेदन' सूत्र के प्रयोक्ता गजानन माधव मुक्तिबोध हैं। मुक्तिबोध एक रचनाकार होने के साथ-साथ एक शिक्षक भी थे। वे शिक्षा और मनोविज्ञान का चोली-दामन का साथ मानते हैं।

**9.** निम्नलिखित में से प्राचीन भारतीय आर्य भाषा कौन–सी है?

(A) अपभ्रंश (B) प्राकृत
(C) वैदिक संस्कृत (D) पालि

**9.** (C) दिये गये विकल्पों में से 'प्राचीन भारतीय आर्य भाषा' 'वैदिक संस्कृत' को कहा जाता है। शेष तीनों भाषाएँ पालि, प्राकृत, अपभ्रंश इसकी परवर्ती है।

**10.** "पद्मावत महाकाव्य" कौन–सी भाषा में लिखा है?

(A) राजस्थानी (B) खड़ी बोली
(C) अवधी (D) ब्रज

**10.** (C) 'पद्मावत' मलिक मुहम्मद जायसी की कालजयी रचना है, जिसे 'अवधी भाषा' में लिखा गया है। इसमें चित्तौड़ के राजा 'रत्नसेन' एवं सिंहल की राजकुमारी 'पद्मावती' के प्रेम और विवाह के पश्चात के जीवन का मार्मिक चित्रण हुआ है इनकी अन्य प्रमुख रचनाएँ हैं–अखरावट, आखिरी कलाम, चित्ररेखा, कहरानामा, मसलानामा आदि।

**11.** किस वर्ष में हिन्दी भाषा को कार्यान्वित करने का प्रस्ताव था?

(A) 14 सितम्बर 1950
(B) 14 सितम्बर 1949
(C) 14 सितम्बर 1960
(D) 14 सितम्बर 1964

**11.** (B) हिन्दी भाषा को कार्यान्वित करने का प्रस्ताव 14 सितम्बर 1949 ई. को पारित हुआ था।

**12.** हिन्दी का मानक रूप किस भाषा से विकसित हुआ है?

(A) मालवी (B) ब्रज
(C) खड़ी बोली (D) अवधी

**12.** (A) हिन्दी का मानक रूप खड़ी बोली से विकसित हुआ है। 'पूर्वी हिन्दी' के अन्तर्गत विकसित बोलियाँ अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी हैं।

❑❑